# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 21-07-2021

# वसूल की गयी अधिक रकम वापस

गोरखपुर (एसएनबी)। कोरोना महामारी के दौरान संक्रमित मरीजों से निजी अस्पतालों ने जमकर धनउगाही की थी। उनको यह लगा था कि कोई मरीज या उसका तीमारदार शिकायत नहीं करेगा। पर जब लगातार शिकायते आने लगी और शासन के निर्देश पर कमिश्नर ने चार जांच टीमें बनाई थी। जांच टीम ने अपनी जांच में पाया कि निजी अस्पतालों ने मरीजों और उनके तीमारदारों से अधिक रुपये वसूले थे। अधिक वसूल किय गये पैसों को हास्पिटलों ने कमिश्नर के निर्देश पर मरीजों के परिजनों को सौंप दिया।

> कमिश्नर के निर्देश पर चार टीमों ने की थी कोरोने के दौरान अवैध वसूली प्रकरण की जांच
>
> लगभग 21 अस्पतालों के खिलाफ हुई थी शिकायत

डिगिटी हास्पिटल बशारतपुर ने कोरोना संक्रमित अभय कुमार से एक लाख 709 रुपये, मृत्युंजय हास्पिटल खोवा मंडी गली ने स्व. विनोद कुमार यादव के परिजनों से 81 हजार 104 रुपये, न्यू प्रकाश हास्पिटल मेडिकल कालेज रोड ने मरीज सुरेश कुमार गुप्ता से 38 हजार, आस्था नर्सिंग होम तारामंडल ने मरीज संजय उपाध्याय से 41 हजार 810 रुपये, मेडिहब हास्पिटल देवरिया बाईपास ने अजीत प्रताप सिंह से एक लाख रुपये अधिक लिए थे। जांच के दौरान अधिक पैसे वसूल करने का मामला सही पाए जाने पर इन हास्पिटलों ने मरीजों और उनके परिजनों को रुपये वापस कर दिए हैं। कमिश्नर की ओर से इन हास्पिटलों को सख्त चेतावनी दी गई है कि अगर इस बार अधिक पैसा वसूलते पाए जाते हैं तो कानूनी कार्रवाई करते हुए मुकदमा भी दर्ज कराया जाएगा। बता दें कि इससे पूर्व दर्जनभर से अधिक निजी अस्पतालों ने मरीजों से अधिक रुपये वसूले थे। शिकायत करने पर मरीजों और उनके परिजनों को रुपये वापस कर दिए थे। यहां यह भी बता दें कि शासन की ओर से यह भी तय कर दिया गया था कि किस तरह के कोरोना मरीज से हर रोज कितना पैसा लेना है फिर भी कई अस्पताल वालों ने जमकर वसूली कर ली थी।

# मस्जिदों के बाहर तैनात की गयी फोर्स, ड्रोन से निगरानी

गोरखपुर (एसएनबी)। बुधवार को बकरीद को सकुशल संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मंगलवार को एसएसपी दिनेश कुमार पी ने सुरक्षाव्यवस्था की समीक्षा की।गोरखनाथ व कोतवाली इलाके में ड्रोन से निगरानी की जा रही है। मंगलवार की रात में ही मस्जिद के आसपास फोर्स तैनात कर दी गई। सुरक्षा के लिहाज से शहर को तीन जोन और आठ सेक्टर में बांटा गया है जिसकी कमान एसपी सिटी और सीओ को दी गई है।



> बकरीद को लेकर किए गए सुरक्षा के कड़े इंतजाम
>
> कई जगहों पर पीएसी और घोड़सवार पुलिस भी तैनात

शहर में स्थित 162 मस्जिद के बाहर पुलिसकर्मियों को मंगलवार की रात में ही तैनात कर दिया गया। गुरुवार दोपहर तक अपने ड्यूटी प्वाइंट पर मुस्तैद रहेंगे। एसएसपी दिनेश कुमार पी, एसपी सिटी सोनम कुमार मंगलवार को पूरे दिन भ्रमणशील रहें। सर्किलवार सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लेन के साथ ही मिश्रित आबादी वाले इलाके के सभी प्रमुख चौराहों पर फोर्स तैनात की गई है। थानेदार को निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी मस्जिद में 50 से अधिक की संख्या में लोग न जुटे। इस निर्देश का कड़ाई से पालन कराएं।एसएसपी ने बताया कि कोतवाली व गोरखनाथ इलाके में ड्रोन से निगरानी की जा रही है।पीएसी के साथ ही घुड़सवार पुलिस की ड्यूटी लगी है।

# नाटकीय तरीके से मासूम का अपहरण कर झारखंड में बेचने की थी तैयारी

गोरखपुर(एसएनबी)। बीते सोमवार की सुबह गुलरिहा थाना क्षेत्र के पादरी बाजार स्थित नंद नगर कालोनी में किराये के मकान में रहने वाली महिला के अपहृत ढाई साल के बच्चे का अपहरण कर अपहर्ता झारखंड ले जाकर बेचने के तैयारी में थे। बच्चे की मां को समय से जानकारी मिलते ही उसने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस की सक्रियता से जीआरपी देवरिया ने बच्चे को बरामद कर अपहरणकांड में शामिल साजिशकर्ता बच्चे के मौसा सहिता दोनों को दबोच लिया। आरोपितों में से एक बच्चे का मौसा है। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

> पादरी बाजार स्थित नंदानगर कालोनी से अपरहण का मामला
>
> मासूम बच्चे का मौसा निकला साजिशकर्ता
>
> अपहर्ताओं को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल

जानकारी के मुताबिक नंदनगर कालोनी में रहने वाली सरोज गुप्ता के इकलौते पुत्र आदर्श गुप्ता का सोमवार की सुबह सीताराम(बच्चे का मौसा) ने टाफी दिलाने के बहाने घर से अपहरण कर झारखंड में बेचने के फिराक में था। आधा घंटा बाद तक मासूम घर नहीं पहुंचा पर उसकी मां खोजबीन शुरू की और अपने जीजा के नंबर पर फोन किया तो वह बताया कि बच्चे को कभी घर पर पहुंचा दिए हैं। परेशान मां ने मोहल्ले में काफी खोजबीन की कुछ पता नहीं चलने पर गुलरिहा पुलिस को सूचना दी। गुलरिहा पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अपहरणकर्ता को देवरिया जीआरपी के माध्यम से दबोच लिया। पुलिस की पूछताछ में अपहरणकर्ता की पहचान बलिया जनपद के थाना गडवार के जिगनिया खास निवासी सीताराम गुप्ता,जय शंकर श्रीवास्तव के रूप में हुई। दोनों वर्तमान में शाहपुर इलाके के संगम चौराहे के पास किराए पर मकान लेकर रहते थे। गुलरिहा पुलिस ने फिरौती के लिए अपहरण में मुकदमा दर्ज कर मंगलवार को दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया।

# ड्रोन कैमरों से होगी शहर की निगरानी



**GORAKHPUR (20 July):** शहर में बकरीद पर किसी तरह की गड़बड़ी करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे. गोरखनाथ और कोतवाली एरिया में ड्रोन कैमरों से निगरानी की जाएगी. एसएसपी के निर्देश पर मंगलवार की रात से मस्जिदों के आसपास पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई. एसएसपी ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मुस्तैदी के निर्देश दिए गए हैं.

## बकरीद पर ऐसी होगी सिक्योरिटी

- शहर को तीन जोन और आठ सेक्टर में बांटा गया है.
- 162 मस्जिदों के बाहर पुलिस फोर्स तैनात की गई है.
- गोरखनाथ और कोतवाली एरिया में ड्रोन कैमरों से निगरानी होगी.
- सुरक्षा की कमान एसपी सिटी और सीओ के हाथ में रहेगी.
- सभी जगहों पर पीस कमेटी की बैठक करके त्योहार शांतिपूर्ण मनाने की अपील की गई है.
- मिश्रित आबादी वाले स्थानों के प्रमुख चौराहों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा.
- मस्जिदों में 50 लोगों के पहुंचने के संबंध में निर्देश दिए गए हैं.
- पीएसी और घुड़सवार पुलिस बल को सुरक्षा में लगाया गया है.



“ **बकरीद पर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रहेगी. किसी तरह की गड़बड़ी की आशंका पर कार्रवाई होगी. ड्रोन कैमरों से निगरानी की जाएगी.**

**दिनेश कुमार पी,** एसएसपी

# ट्रैफिक जाम हुआ तो तय होगी सभी जिम्मेदारों की जवाबदेही

**एडीजी ने की पूर्व में हुए कामों की समीक्षा, दी जाएगी जिम्मेदारी**

**i UPDATE**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (20 July):** शहर के भीतर ट्रैफिक जाम की प्रॉब्लम पर जिम्मेदारों की जवाबदेही तय होगी. एसएसपी से लेकर एसपी ट्रैफिक तक सभी की भूमिका तय की जाएगी. ट्रैफिक कर्मचारी हों या थानों की पुलिस. हर किसी को जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए प्रयास करना होगा. हर हाल में पब्लिक को राहत दिलाने के लिए एडीजी जोन अखिल कुमार ने मंगलवार को निर्देश जारी किया. उन्होंने कहा, इस संबंध में बैठक बुलाई गई है. मीटिंग के दौरान ही सभी की जिम्मेदारी और उनकी भूमिका के बारे में बात की जाएगी.



यहां तो प्रभु के भरोसे ट्रैफिक, आराम फरमा रही पुलिस

## लापरवाही पर नपेंगे कर्मचारी

तमाम कवायदों के बाद भी शहर की ट्रैफिक व्यवस्था नहीं सुधर पा रही है. जाम को लेकर ट्रैफिक पुलिस गंभीर नहीं है. शहर के विभिन्न चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस की लापरवाही भी नजर आई. ड्यूटी करने के बजाय ट्रैफिक पुलिस कर्मचारी आराम फरमाते दिखे. एडीजी ने मंगलवार को निर्देश जारी किए.

# लूट में फरार आरोपित अरेस्ट

झंगहा एरिया में लूट मुकदमों में फरार आरोपित को पुलिस ने अरेस्ट किया. उसके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं. झंगहा, मोतीराम अड्डा चौकी इंचार्ज सूरज सिंह सोमवार की रात टीम संग गश्त पर थे. तभी उनको आरोपित गहिरा, भूमिहारी टोला निवासी अवधेश यादव के बारे में जानकारी मिली. तलाशी ली तो झोले में रखा हुआ पांच किलो गांजा भी मिला.

# बच्चे को झारखंड में बेचने जा रहा था मौसा

**GORAKHPUR (20 July):**गुलरिहा एरिया के पादरी बाजार, नंद कालोनी से अपहत ढाई साल के मासूम का अपहरण बेचने के लिए किया गया था. बच्चे का मौसा अपने परिचित संग मिलकर उसे ट्रेन से झारखंड ले जाने की तैयारी में था. वहां बच्चे को बेचकर दोनों लौट आते, लेकिन जीआरपी की सक्रियता से उसके मंसूबे पूरे नहीं हो सके. एसपी नार्थ ने



बताया कि दोनों को जेल भेज दिया गया.

### सोमवार सुबह हुआ लापता

नंदनगर कॉलोनी की सरोज गुप्ता ने सोमवार की सुबह बच्चे के गायब होने की सूचना पुलिस को दी. बताया कि उसके जीजा सीताराम सुबह घर आए थे. वह बच्चे को टॉफी दिलाने के बहाने लेकर गए, लेकिन तभी से बच्चा लापता है. पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला तो सामने आया कि बच्चे को लेकर मौसा और एक अन्य व्यक्ति जा रहे हैं. लोकेशन देवरिया रेलवे स्टेशन पर मिली.

### सर्विलांस की मदद से लोकेशन

पुलिस ने जीआरपी की मदद ली. सर्विलांस के जरिए बच्चे को बरामद करते हुए आरोपितों को दबोच लिया. उनकी पहचान सीताराम और जय शंकर के रूप में हुई.

**"आरोपियों से पूछताछ की गई है. मंगलवार को दोनों को कोर्ट में पेश किया गया. वहां से उनको जेल भेज दिया गया.**

**मनोज कुमार अवस्थी,** एसपी नार्थ

Hindustan5.webp

# बुजुर्ग की मौत मामले में जांच समिति गठित होगी

**जागरण संवाददाता, खजनी :** संपूर्ण समाधान दिवस में फरियाद लेकर आए बुजुर्ग साधु शरण की मौत के मामले की जांच के लिए पांच सदस्यीय टीम गठित की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस में वह दो लोगों के धोखाधड़ी कर जमीन का बैनामा कराने और एग्रीमेंट करा लेने की फरियाद लेकर आए थे। इस दौरान तहसील परिसर में ही उनकी मौत हो गई थी। धोखाधड़ी के आरोपों की जांच के लिए गठित की जाने वाली टीम में पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारी शामिल होंगे।

इस बीच साधू शरण की बहू मालती देवी ने कथित रूप से धोखाधड़ी कर ससुर के नाम की जमीन बैनामा कराने और एग्रीमेंट करा लेने के आरोप में क्रमशः कटघर निवासी रामप्रताप सिंह और खुटभार निवासी अयोध्या मद्धेशिया के तहरीर दी थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों के विरुद्ध विरुद्ध धोखाधड़ी, कूट रचित दस्तावेज तैयार करने और उसे असल दस्तावेज के तौर पर प्रयोग करने तथा धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले में उप जिलाधिकारी खजनी पवन कुमार ने बताया कि धोखाधड़ी कर एग्रीमेंट कराने के आरोपों की जांच के लिए गठित की जाने वाली पांच सदस्यीय टीम में पुलिस के तीन और राजस्व विभाग के दो अधिकारी शामिल होंगे। बुधवार को यह टीम दस्तावेजों की पड़ताल करेगी।

खजनी क्षेत्र के खुटभार निवासी साधु शरण बीते मंगलवार को तहसील मुख्यालय पर आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियाद लेकर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि कटघर निवासी रामप्रताप ने 2011 में धोखाधड़ी कर उनकी जमीन का बड़ा हिस्सा अपने नाम से बैनामा करा लिया। इसकी जानकारी होने पर उन्होंने आपत्ति दाखिल की। इस दौरान उनके ही गांव के अयोध्या ने मदद का झांसा देकर उनकी जमीन का अपने नाम से एग्रीमेंट करा लिया। इतना ही नहीं बाद में अयोध्या ने उनकी जमीन बेच भी दी।

Hindustan4.webp Hindustan3.webp Hindustan2.webp Hindustan1.webp

# आज मनाया जाएगा ईद-उल-अजहा का पर्व

## सुबह छह से 10.30 बजे तक अदा की जाएगी नमाज, गुलजार रहा बाजार, 45 हजार रुपये तक बिके बकरे

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** कुर्बानी का पर्व ईद-उल-अजहा बुधवार को मनाया जाएगा। ईद-उल-अजहा की नमाज सुबह छह से 10.30 बजे तक सभी ईदगाहों व मस्जिदों में पंरपरागत तरीके से अदा की जाएगी। कोविड-19 की गाइडलाइन के तहत मस्जिदों में एक साथ पचास लोग ही नमाज अदा कर सकेंगे। भीड़ इकट्ठी होने से रोकने के लिए कई मस्जिदों में एक घंटे के अंतराल पर दो बार नमाज अदा की जाएगी। देर शाम मस्जिदों से यह एलान भी किया गया। बारिश से निपटने के भी इंतजाम किए गए हैं।

मंगलवार को बाजार में रौनक दिखाई दी। रेडीमेड कपड़ों के अलावा सिवई, सूखा मेवा और खोवा की जमकर खरीदारी हुई। नखास और जाफरा बाजार में सिवई खरीदने वालों की भीड़ लगी रही। वाराणसी और कानपुर की सिवई 100 से 150 रुपये किलो तो लोकल खोवा 500 रुपये किलो बिका। वहीं देर रात तक कुर्बानी के लिए बकरों की खरीदारी होती रही। इस बार महंगाई का असर कुर्बानी के जानवरों पर साफ दिखा। नौ हजार से लेकर 45 हजार रुपये तक के बकरे बिके। इलाहीबाग, शाहमारुफ, अस्करगंज, उर्दू बाजार, खूनीपुर, रेती रोड, तुर्कमानपुर, जाहिदाबाद, जाफरा बाजार, उंचवा, गोरखनाथ, रसूलपुर आदि जगहों पर कुर्बानी के जानवर का बाजार गुलजार रहा। मुस्लिम बहुल इलाकों में देर रात तक चहल-पहल रही। घरों में लजीज व्यंजनों को बनाने लिए तैयारियां शाम ही से शुरू हो गई।

**सादगी से मनाए त्योहार:** शाही मस्जिद में कुर्बानी पर चल रहे दर्स (व्याख्यान) के अंतिम दिन मंगलवार को हाफिज आफताब ने कहा कि पर्व सादगी, शांति व उल्लास से मनाएं। खुली जगहों पर कुर्बानी न करें। अपशिष्ट पदार्थ गड्ढे में दबा दें। ईद-उल-अजहा की नमाज से पहले कुछ न खाएं तो बेहतर है।



मुबारक खां शहीद का मजार ● जागरण



नखास चौक पर सिवई की खरीदारी करते लोग ● जागरण

### मस्जिद के बाहर तैनात की गई फोर्स, ड्रोन से निगरानी

**जासं,गोरखपुर :** बकरीद को सकुशल संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मंगलवार को एसएसपी ने सुरक्षा-व्यवस्था की समीक्षा की। गोरखनाथ व कोतवाली इलाके में ड्रोन से निगरानी की जा रही है। मंगलवार की रात में ही मस्जिदों के आसपास फोर्स तैनात कर दी गई। सुरक्षा के लिहाज से शहर को तीन जोन और आठ सेक्टर में बांटा गया है जिसकी कमान एसपी सिटी और सीओ को दी गई है। शहर की 162 मस्जिदों के बाहर पुलिसकर्मियों को मंगलवार रात में ही तैनात कर दिया गया। एसएसपी दिनेश कुमार पी, एसपी सिटी सोनम कुमार मंगलवार को पूरे दिन भ्रमणशील रहें। मिश्रित आबादी वाले इलाके के सभी प्रमुख चौराहों पर फोर्स तैनात की गई है। थानेदारों को निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी मस्जिद में 50 से अधिक की संख्या में लोग न जुटें। एसएसपी ने बताया कि कोतवाली व गोरखनाथ इलाके में ड्रोन से निगरानी की जा रही है। पीएसी के साथ ही घुड़सवार पुलिस की ड्यूटी लगी है।

## आज बदली रहेगी शहर की यातायात व्यवस्था

**जासं, गोरखपुर :** बकरीद पर बुधवार को शहर की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। ऐसे में रुट डायवर्जन का ध्यान रखकर घर से निकलें। एसपी ट्रैफिक आरएस गौतम ने बताया कि डायवर्जन सुबह 5 .30 बजे से दोपहर 12 बजे तक प्रभावी रहेगा। निर्देश की अवहेलना करने पर कार्रवाई होगी।

### इन रास्तों पर रहेगा डायवर्जन

- जामा मस्जिद घंटाघर की तरफ जाने वाले शाहमारूफ रास्ते पर नमाज शुरू होने से खत्म होने तक सभी प्रकार के वाहन और रिक्शा प्रतिबंधित रहेंगे।
- अलहदादपुर तिराहे से घंटाघर की तरफ रायगंज होते हुए मार्ग पर वाहन और रिक्शा प्रतिबंधित रहेंगे।
- नार्मल टैक्सी स्टैंड से घंटाघर मार्ग पर वाहन और रिक्शा पर रोक रहेगी।
- रेती चौराहा से घंटाघर की तरफ जाने वाले मार्ग पर भी वाहनों पर पाबंदी रहेगी।
- इलाहीबाग चौराहा से बहरामपुर बंधे की तरफ जाने वाले मार्ग पर भी वाहन प्रतिबंधित रहेंगे।
- बरफखाना से भारी वाहनों को शहर की ओर जाने पर प्रतिबंधित किया जाएगा। उन्हें लालडिग्गी बंधे की तरफ मोड़ दिया जाएगा।
- अलीनगर चौराहा से हजारीपुर जाने वाले वाहनों को विजय चौराहा या तरंग ओरवब्रिज की तरफ निकाला जाएगा।
- जटाशंकर से हजारीपुर की तरफ जाने वाले वाले मार्ग पर वाहन प्रतिबंधित रहेंगे।
- टीपीनगर तिराहा से नार्मल टैक्सी स्टैण्ड से तुर्कमानुपर व घंटाघर एवं घोष कंपनी की तरफ वाहन प्रतिबंधित रहेंगे।
- गंगेज चौराहा से अलीनगर चौराहा की ओर जा रहे मार्ग पर भारी वाहनों प्रतिबंधित रहेंगे।
- करमचंद चौराहा से बहरामपुर जाने वाले मार्ग पर वाहन प्रतिबंधित रहेंगे।
- गोरखनाथ ओवरब्रिज रेलवे से उत्तर गोरखनाथ की तरफ वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।
- हुमायूंपुर ओवरब्रिज के ऊपर से सवारी गाड़ी को गोरखनाथ की तरफ नहीं जाने दिया जाएगा।
- फरेंदा, पीपीगंज से आने वाले सभी भारी वाहन बरगदवा से फर्टिलाईजर, झुंगिया होते हुए खजांची चौराहा से फातिमा अस्पताल, पादरी बाजार चौकी, कौवाबाग बाईपास मार्ग से चारफाटक ओवरब्रिज मोहद्दीपुर होते हुए अपने गन्तव्य पर जाएंगे। शहर से फरेंदा की तरफ जाने वाले वाहन भी इस मार्ग से ही जाएंगे।

### बंद जगहों पर कुर्बानी करें

मौलाना जहांगीर अहमद अजीजी ने कहा कि बंद जगहों पर ही कुर्बानी करें। कुर्बानी का वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर न डालें। जिन पर कुर्बानी वाजिब है वह कुर्बानी जरूर कराए।

### कोविड प्रोटोकाल का करें पालन

मौलाना मोहम्मद अहमद निजामी ने कहा कि कोरोना संक्रमण की रफ्तार धीमी पड़ी है, खत्म नहीं हुआ है। इसलिए कोविड प्रोटोकाल का पूरी तरह पालन करें।

## पुलिस पर फायरिंग कर फरार हुआ बदमाश गिरफ्तार

**जासं., गोरखपुर :** पादरी बाजार के पास पुलिस से हुई मुठभेड़ के दौरान फायरिंग कर फरार हुए बदमाश को शाहपुर पुलिस ने मंगलवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से लूट की रकम 3730 रुपये, तमंचा, कारतूस बरामद हुआ। आरोपित पर पहले से ही शाहपुर थाने में लूट, हत्या की कोशिश का केस दर्ज था।



15 जुलाई की शाम बाइक सवार बदमाशों ने झरना टोला के पास से महिला की चेन लूट ली। पुलिस ने रात 10 बजे के करीब कौआबाग के पास बदमाशों को घेर लिया। रोकने पर नंदानगर की तरफ भागे। पुलिसकर्मियों ने पकड़ने की कोशिश की तो फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पिपराइच के जंगल सुधान अली निवासी सूरज साहनी को पैर में गोली लग गई। उसके गांव का रहने वाला हरिकेश गौड़ फरार हो गया, जिसे मंगलवार सुबह पुलिस ने छावनी स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया।

## हत्या के 12 आरोपितों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

**जासं., उनवल :** खजनी इलाके के मिश्रौलिया गांव में हुई राघवेंद्र उर्फ गिलगिल दूबे की हत्या के 12 आरोपितों के विरुद्ध पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की है। पंचायत चुनाव के दौरान मतदान से एक दिन पहले 14 अप्रैल को उन्हें गोली मार दी गई थी। उपचार के दौरान 19 अप्रैल को उन्होंने लखनऊ के एक अस्पताल में दम तोड़ दिया था।

गिलगिल दूबे चुनाव में प्रधान पद के उम्मीदवार थे। उनके प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार शंभू यादव और उसके समर्थकों पर चुनावी रंजिश में उनकी हत्या करने का आरोप है। इस मामले में परसाडाड़ निवासी शंभू यादव, जोखू यादव, विवेक यादव, देवेंद्र यादव, शशांक यादव, प्रभुनाथ यादव, अजय यादव, अभिषेक यादव, बरडाड़ निवासी मनोज तिवारी, अभिषेक उर्फ तीसू पासवान, और बोगा निवासी रिंकू यादव व पिंटू यादव के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज है। खजनी पुलिस ने सभी आरोपितों के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई की है।

# सीएचसी अधीक्षक समेत छह पर मुकदमा

**जासं, सहजनवां :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में हुई ममता वर्मा की मौत के मामले में अधीक्षक डा. सतीश सिंह सहित छह स्वास्थ्यकर्मियों के विरुद्ध पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। ममता के पति ने तहरीर में इलाज के अभाव में पत्नी की मौत होने का आरोप लगाया है।

**कार्रवाई**

- **गर्भवती महिला की मौत के मामले में हुई कार्रवाई**
- **पति ने उपचार के अभाव में मौत होने का लगाया आरोप**

सहजनवां उपनगर के वार्ड संख्या 10, लुचुई मोहल्ला निवासी मनमोहन वर्मा की पत्नी ममता गर्भवती थीं। सोमवार दिन में तबीयत खराब होने पर परिजन उन्हें सीएचसी ले गए। परिजनों के मुताबिक देर शाम डाक्टर, ममता को लेबर रूम में ले गए। आरोप है कि अंदर ले जाने के बाद उन्हें वहीं छोड़कर डाक्टर और अन्य कर्मचारी दूसरे काम में व्यस्त हो गए। उपचार पर ध्यान नहीं दिया, जिससे इलाज के अभाव में उनकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार के साथ ही लुचुई मोहल्ले के लोग वहां पहुंच गए। डाक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगा हंगामा शुरू कर दिया। विवाद बढ़ने पर एसडीएम और क्षेत्राधिकारी मौके पर पहुंचे। लोगों को समझाकर शांत करने के बाद दोषियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया था। ममता के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था। सहजनवां इंस्पेक्टर राज प्रकाश ने बताया कि ममता के पति मनमोहन की तहरीर के आधार पर स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डा. सतीश सिंह, डा. रोशन, अरशद खान, अमित, वंदना सिंह और मिथिलेश पटेल के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। कार्रवाई की रिपोर्ट सीएमओ को भेजी गई है।

# अपहृत मासूम को झारखंड में बेचने की थी तैयारी

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** गुलरिहा थाना क्षेत्र के नंदनगर कालोनी से सोमवार सुबह अपहृत किए गए ढाई साल के बच्चे को झारखंड ले जाकर बेचने की तैयारी थी। गुलरिहा पुलिस की सूचना पर आरपीएफ के देवरिया पोस्ट प्रभारी ने अपहरणकर्ता बच्चे के मौसा और उसके साथी को दबोच लिया, जिन्हें गुलरिहा पुलिस अपने साथ ले आई। मंगलवार सुबह आरोपितों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

**कार्रवाई**

- **नंदनगर कालोनी से सोमवार को हुआ था बच्चे का अपहरण**
- **अपहर्ताओं को गिरफ्तार कर गुलरिहा पुलिस ने भेजा जेल**

एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि नंदनगर कालोनी में रहने वाली सरोज गुप्ता के ढाई साल के बेटे आदर्श का अपहरण सोमवार को बलिया, गड़वार के जिगनी खास निवासी सीताराम (बच्चे के मौसा) ने कर लिया। टाफी दिलाने के बहाने वह बच्चे को साथ ले गया था। एक घंटे बाद तक बच्चे के घर न लौटने पर सरोज ने खोजबीन शुरू की। जीजा को फोन किया तो उसने बताया कि बच्चे को टाफी दिलाने के बाद घर पहुंचा दिया था। इस पर सरोज ने पुलिस को सूचना दी। सीसी कैमरे की फुटेज में बच्चे को साथ ले जाते हुए सीताराम दिख गया। इसके बाद सर्विलांस की मदद से खोजबीन शुरू हुई। देवरिया रेलवे स्टेशन पर लोकेशन मिलने पर आरपीएफ की मदद से आरोपित और उसके साथी गड़वार के ही जिगनिया खास निवासी जयशंकर श्रीवास्तव को गिरफ्तार कर लिया गया। शाहपुर के संगम चौराहा के पास दोनों किराये पर कमरा लेकर रहते थे। पूछताछ पर पता चला कि उन्होंने बच्चे को झारखंड में बेचने की योजना बनाई थी।



पुलिस की गिरफ्त में अपहरण के आरोपित मौसा और उसके साथी ● जागरण

# डीएम-एसएसपी निपटाएं व्यापारियों की समस्याएं

## माह में एक दिन सभी जिलों में संवाद कार्यक्रम हों : सीएम

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने सभी डीएम और एसपी को व्यापारियों से संबंधित समस्याओं का निस्तारण जिले स्तर पर ही करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को हर महीने में एक दिन निर्धारित करके व्यापार मंडल और उद्योग प्रतिनिधियों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित करने के भी निर्देश दिए हैं। जिसके तहत जिले स्तर पर ही बड़े व छोटे सभी व्यापारियों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए त्वरित निस्तारण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने यह निर्देश मंगलवार को व्यापार और उद्योग प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक में अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं और जरूरतों की मेरिट के आधार पर समाधान कराया जाए। उन्होंने कहा कि व्यापारियों के जमीनी विवाद, नए उपक्रम को चालू करने के लिए जमीन की जरूरत, कानून व्यवस्था, अराजक तत्वों के मामले, बिजली, पानी, साफ -सफाई के साथ उनकी सभी शिकायतों की सुनवाई पर खास फोकस किया जाए।

### सप्ताह में एक घंटा कर्मचारियों की समस्याएं सुनें अधिकारी

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने आगामी विधानसभा चुनाव से पहले कर्मचारियों की नाराजगी का संज्ञान लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर कार्यालय में उच्चाधिकारी हर सप्ताह एक दिन समय तय कर कर्मचारियों की समस्याएं सुनें। इसके लिए तय दिन कार्यालय अवधि के आखिरी एक घंटे को आरक्षित करना सुविधाजनक होगा। उन्होंने ये निर्देश मंगलवार को लोक भवन में आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्मचारियों की तमाम ऐसी शिकायतें हैं, जो स्थानीय स्तर पर अधिकारी के संज्ञान लेने से निस्तारित हो सकती हैं।

# मुठभेड़ में फरार बदमाश को पुलिस ने पकड़ा

**गोरखपुर।** शाहपुर इलाके के पादरी बाजार के पास मुठभेड़ के दौरान फरार बदमाश को पुलिस ने मंगलवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से लूट की बची रकम 3730 रुपये, तमंचा, कारतूस बरामद किया है।



हरिकेश गौड़

बदमाश की पहचान पिपराइच के जंगल सुभान अली बेलवा निवासी हरिकेश गौड़ के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, 15 जुलाई की शाम झरना टोला के पास से उसने एक महिला की चेन लूटी थी। पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही थी। उसी रात बदमाशों से पादरी बाजार के लल्ला चौराहे पर पुलिस की मुठभेड़ हुई थी। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश सूरज साहनी के पैर में गोली लगी और उसका साथी फरार हो गया था। पुलिस ने इलाज के बाद सूरज को जेल भेज दिया था। पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। मंगलवार को सूचना मिली कि बदमाश छावनी स्टेशन के पास मौजूद है। पुलिस ने वहां पहुंचकर बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। बदमाश पर पहले से ही शाहपुर थानेदार की तहरीर पर हत्या की कोशिश का केस दर्ज था। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। ब्यूरो

# मस्जिदों के बाहर फोर्स तैनात, ड्रोन से निगरानी

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** बकरीद को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस ने तीन जोन और आठ सेक्टर में जिले को बांटकर सुरक्षा प्लान तैयार किया है। मस्जिदों के बाहर पुलिस की तैनाती कर दी गई है तो वहीं सुरक्षा की निगरानी के लिए पुलिस ड्रोन कैमरे का इस्तेमाल करेगी। गोरखनाथ और कोतवाली में ड्रोन से निगरानी शुरू कर दी गई है।

जानकारी के मुताबिक, शहरी इलाके में छोटे बड़े 162 प्रमुख मस्जिद हैं, जिनके बाहर पुलिसकर्मियों को मंगलवार रात में ही तैनात कर दिया गया। यह बृहस्पतिवार की दोपहर तक अपने ड्यूटी प्वाइंट पर मुस्तैद रहेंगे। एसएसपी दिनेश कुमार पी, एसपी सिटी सोनम कुमार मंगलवार को पूरे दिन भ्रमणशील रहें।

## तीन जोन, आठ सेक्टर में बांटकर तैयार किया प्लान

### आज इन रास्तों पर आवागमन रहेगा प्रतिबंधित

- जामा मस्जिद घंटाघर की तरफ से जाने वाले शाहमारूफ रास्ते पर नमाज प्रारंभ से समाप्ति तक
- अलहदादपुर की तरफ से घंटाघर की तरफ रायगंज रोड पर
- नार्मल टैक्सी स्टैंड से घंटाघर के मार्ग पर
- रेती चौराहा से घंटाघर की तरफ जाने वाले रोड पर
- इलाहीबाग चौराहा से बहरामपुर बंधे रोड पर

एसएसपी दिनेश कुमार प्रभु ने बताया कि पीएसी के साथ ही घुड़सवार पुलिस की ड्यूटी लगी है। मस्जिद के आसपास भी पुलिस रहेगी।

# DEORIYA POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 21-07-2021

हिन्दुस्तान दि. २१/७/२१

# एसपी ने पैदल गश्त कर चलाया चेकिंग

**देवरिया।** त्योहारों को देखते हुए पुलिस ने गश्त किया। जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए और आगामी त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक डॉ. श्रीपति मिश्र ने सभी सीओ को पैदल गश्त का निर्देश दिया। इसी क्रम में सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी ने मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक राजू सिंह, डॉग स्कावाड, एएस चेक टीम के साथ शहर क्षेत्र में रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, होटेल, ढाबा इत्यादि अन्य भीड़-भाड़ वाले स्थानो पर पैदल गश्त कर सघन चेकिंग किया गया।

दैनिक जागरण दि- 21/7/21

# बार्डर पर पकड़ी गई शराब अब बचाव में जुटा महकमा

**मनमानी**

- तीन माह में छह बार पकड़ी जा चुकी है देसी शराब
- डिटेल न मिलने से दुकानदारों के खिलाफ नहीं हो रही कार्रवाई

जागरण संवाददाता, देवरियाः यूपी-बिहार बार्डर पर पकड़ी गई शराब के मामले में महीनों गुजर गए। टीम भी गठित की गई, लेकिन अभी तक वह शराब किस दुकान की थी, यह जानकारी नहीं हो पाई है। महकमा दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई करने की बजाय उनके बचाव में दिख रहा है। विभाग का दावा है कि जांच टीम की रिपोर्ट आने के बाद दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

पड़ोसी प्रांत बिहार में शराब बेचने व पीने पर पाबंदी है। ऐसे में देवरिया के रास्ते बड़े पैमाने पर बिहार में शराब की तस्करी हो रही है। पहले हरियाणा की शराब की तस्करी होती थी, लेकिन पुलिस की सख्ती के चलते हरियाणा की शराब पर पाबंदी लग गई है। अब यूपी की शराब की तस्करी हो रही है। देवरिया में बिकने वाली देसी शराब की खेप बिहार में पहुंचने लगी है। तीन जून को मैरवा पुलिस ने एक पिकअप से 200 पेटी देसी शराब बरामद किया। केस दर्ज कर जांच शुरू की। देवरिया आबकारी अधिकारी से पेटी को स्कैन करने व दुकानदार का नाम बताने की मांग की। लेकिन आबकारी टीम ने इसकी जानकारी नहीं दी। खामपार पुलिस व की खेप पकड़ी है। जिलाधिकारी ने इस मामले में टीम का गठन किया। जिसके चलते शराब की तस्करी में संलिप्त दुकानदारों पर शिकंजा नहीं कर पा रहा है। विवेचक भी कई बार रिमाइंडर कर चुके हैं। एसपी डा. श्रीपति मिश्र ने कहा कि आबकारी विभाग से जानकारी मांगी गई है।

**सर्प दंश से बालक की मौत :** भलुअनीः क्षेत्र के जरार रम्मन गांव के रहने वाले निजामुद्दीन अली के 11 वर्षीय पुत्र अल्ताफ अली सोमवार को घर के पास बच्चों के साथ खेल रहा था। घास में छिपा सर्प ने उसे डस लिया। अल्ताफ घर जाकर स्वजन को बताया कि पैर में किसी कीड़े ने काट लिया है। घर के लोग उसका मरहम पट्टी कराए। थोड़ी देर बाद उसकी की तबीयत खराब होने लगी। स्वजन झाड़ फूंक कराने लगे। इसी बीच उसकी मौत हो गई। स्वजन के मुताबिक, सर्पदंश से

दैनिक जागरण दि. 21/7/21

# दिल्ली से गायब हुई युवती प्रेमी संग देवरिया में मिली

**जागरण संवाददाता, देवरिया :** दिल्ली से गायब युवती देवरिया शहर से बरामद कर ली गई। प्रेमी मौके से फरार हो गया। युवती को कोतवाली पुलिस ने स्वजन को सौंप दिया।

दिल्ली के कृतिनगर की रहने वाली एक युवती का पड़ोस के रहने वाले एक युवक से प्रेम हो गया। दोनों के प्रेम इस कदर परवान चढ़ा कि युवती 14 जुलाई की रात प्रेमी के साथ घर से फरार हो गई।

स्वजन दिल्ली के कृति नगर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराए थे। इस बीच युवती के छोटे भाई को कहीं से भनक लग गई कि युवती प्रेमी के साथ देवरिया आई है और युवक अपने एक दोस्त के यहां उसे रखा है। जिसके बाद युवती का भाई देवरिया पहुंचा।

युवती के भाई को देखते ही प्रेमी भड़क उठा और मारपीट हो गई। जिसके बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पुलिस पहुंची और युवती व उसके भाई को थाने लाई। युवती अब प्रेमी के साथ नहीं, बल्कि स्वजन के साथ रहना चाहती है।

कोतवाल राजू सिंह ने कहा कि युवती को उसके स्वजन को सौंप दिया गया है।

## प्रेम–प्रसंग

- 14 जुलाई को दिल्ली के कृति नगर से गायब हुई थी युवती
- प्रेमी एक दोस्त के यहां देवरिया में छिपाकर रखा था
- युवती के भाई को देखते ही प्रेमी ने की मारपीट, पहुंची पुलिस

दैनिक जागरण दि. 21/7/21

# एसआइ की तत्परता से बची महिला की जान

**जागरण संवाददाता, बरहजः** नगर के गौरा चौकी प्रभारी एसआइ सुमित राय की तत्परता से एक महिला की जान बच गई। स्वजन से किसी बात से नाराज महिला कोई जहरीला पदार्थ खा ली। जहरीला पदार्थ खाने से पूर्व इस बात की जानकारी वाराणसी फोन कर अपने एक रिश्तेदार को दी। वाराणसी से रिश्तेदार ने बरहज प्रभारी निरीक्षक टी जे सिंह को इसकी जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक ने इसकी सूचना सुमित राय को दी। जिसके बाद एसआई तत्काल महिला के घर पहुंच गए। मुख्य गेट बंद था। चहारदीवारी फांद कर घर के अंदर गए और महिला के बंद कमरे का दरवाजा खोल उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर ने देवरिया भेज दिया। महिला खतरे से बाहर हैं। नगर के तिवारीपुर मोहल्ला निवासी शालिनी पत्नी चंद्रकांत विश्वकर्मा सोमवार की शाम जहरीला पदार्थ खा ली थी। एसआई सुमित राय जानकारी मिलते ही हरकत में आए और महिला के घर पहुंच गंभीर दशा में इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। महिला का पति मुंबई में रहता है। उसकी दो वर्ष की एक बेटी है। मायका देवरिया उमा नगर में है। एसआई सुमित राय ने बताया कि जैसे ही उन्हें जानकारी मिली, अनहोनी की आशंका से 10 मिनट में उसके घर पहुंच गया। दरवाजा बंद होने के कारण थोड़ा समय लगा जरूर, लेकिन महिला की जान बच गई।

अमर उजाला दि. 21/7/21

# महिला ऐच्छिक ब्यूरो ने पति-पत्नी के रिश्ते में घोली मिठास

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। शराब की वजह से पति-पत्नी के रिश्ते में आई दरार को मिटाकर महिला ऐच्छिक ब्यूरो ने दोनों को एक साथ रहने के लिए राजी कर लिया। दोनों मंगलवार को हंसी खुशी के साथ अपने घर चले गए। पति ने पूरा खर्चा उठाने और शराब न पीने का वादा किया तो पत्नी ने उसे गले लगा लिया।

गौरी बाजार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दंपती के बीच काफी दिनों से विवाद चला आ रहा था। पत्नी ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की थी कि उसका पति शराब के नशे में पिटाई करता है। खर्चा मांगने पर नहीं देता है। इसको लेकर दोनों बीच तनाव बढ़ गया था। इसके चलते पत्नी अपने मायके रहती थी। दंपती की रिश्तों की डोर न टूटे, इसके लिए एसपी ने महिला ऐच्छिक ब्यूरो को काउंसिलिंग एक करने की जिम्मेदारी दी। कई बार दोनों को समझाने के लिए ब्यूरो में बुलाया गया। दोपहर में एक बार फिर से ऐच्छिक ब्यूरो की सिपाही वर्तिका दुबे, कांउसलर सुमन पाण्डेय ने दोनों को समझाया। इस पर पति ने पुलिस के सामने वादा किया कि वह कभी शराब का सेवन नहीं करेगा। पत्नी के हर जरूरत को पूरा करेगा।



KUSHINAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 21-07-2021

चालक के साहस, पुलिस के प्रयास से गैस एजेंसी संचालक से लूट का प्रयास विफल, फायर कर भागे बदमाश

# लुटेरों से जूझकर बचा लिया रुपयों से भरा बैग

**साहस**

सेवरही | **हिन्दुस्तान संवाद**

स्थानीय उपनगर के एक वार्ड में मंगलवार की देर शाम को पांच लुटेरों ने गैस एजेंसी के चालक से दो लाख रुपये लूटने की कोशिश की। चालक बहादुरी दिखाते हुए बदमाशों से जूझ गया। तब तक किसी की सूचना पर अपाची दस्ते के चार पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गए और लूट का प्रयास विफल कर दिया। फायर झोंककर भाग रहे बदमाशों में से एक को पुलिस ने जान पर खेल कर पकड़ लिया। शेष चार भागने में कामयाब हो गए।

मंगलवार को नगर पंचायत सेवरही के वार्ड नंबर 2 जानकी नगर में श्रीकृष्ण गौशाला के समीप स्नेह इंडियन गैस का डिलीवरी वैन चालक प्रदीप तिवारी कुकिंग गैस सिलेंडर का वितरण कर रहा था। शाम को जब वितरण पूरा हो गया और चालक करीब दो लाख रुपये बैग में रखकर निकलने ही वाला था तब तक दो बाइक पर 5 की संख्या में पहुंचे बदमाशों ने असलहा निकाल कर उसे रोक लिया। चालक के पास मौजूद रुपयों से भरा बैग का लूटने का प्रयास करने लगे। चालक प्रदीप ने बैग नहीं छोड़ा और बदमाशों से धक्का मुक्की करने लगा। इस दौरान बदमाशों ने दहशत बनाने के बाद कट्टे से फायर झोंका तो चालक ने जोर से शोर मचाना शुरू कर दिया। संयोग ही था कि तभी शपथ ग्रहण समारोह समाप्त होने के बाद ब्लॉक से अपाची दस्ते के चार सिपाही दो अपाची से आ रहे थे। आसपास के लोगों की सूचना पर अपाची दस्ते के कांस्टेबल रोशन त्रिपाठी व सुरेश यादव तथा हेड कांस्टेबल के सिपाही जितेन्द्र साहनी साथ क्षण भर में मौके पर पहुंच गए। पुलिस देख बदमाशों ने बैग छोड़ दिया और असलहा लहराते हुए भागने लगे। रोशन व सुरेश ने एक बाइक से जबकि जितेन्द्र ने दूसरी बाइक से बिना देर किए अपनी बाइक बदमाशों के पीछे लगा दी। आगे जितेन्द्र ने दूसरे रास्ते से एक बाइक पर सवार दो बदमाशों को घेर लिया। पीछे रोशन व सुरेश की बाइक थी। घिरा देख दोनों बदमाशों ने बाइक छोड़ दी और पैदल गली में भागने लगे। पुलिस ने घेर कर एक बदमाश को धर दबोचा। जबकि शेष चार भागने में सफल रहे। पुलिस के अनुसार एक बाइक पर दो बदमाश जबकि दूसरे पर तीन बदमाश भाग रहे थे। तीन बदमाश बाइक से आगे निकल गए थे जबकि दो बदमाश पुलिस टीम के थोड़ा करीब थे। पुलिस ने उनका पीछा किया। पकड़े गए बदमाश को थाने लाकर पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो उसने अपने साथियों के नाम पते उगल दिए। पुलिस टीम अब उनकी तलाश में छापेमारी कर रही है। मौके पर सीओ तमकुही राज फूलचंद कन्नौजिया पहुंच गए थे और टीम गठित कर छापेमारी शुरू करा दी थी।



चालक प्रदीप तिवारी, सिपाही जितेन्द्र साहनी, सुरेश यादव व रोशन त्रिपाठी।

## विशुनपुरा थाना क्षेत्र में छापेमारी

लुटेरों की तलाश में पुलिस की कई टीमें विशुनपुरा थाना क्षेत्र में छापेमारी कर रही हैं। सीओ तमकुही राज फूलचंद कन्नौजिया थाने पर रात करीब 10 बजे तक जमे थे और इस ऑपरेशन की निगरानी कर रहे थे। पुलिस के अनुसार पकड़े गए बदमाश से सभी लुटेरों का नाम पता हासिल हो गया है और पुलिस टीमें उनके ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। सीओ तमकुही राज ने बताया कि जल्द ही सभी लुटेरों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर दिया जाएगा। पुलिस को गंभीरता से लोगों की तलाशी के भी आदेश दिए गए हैं।

# सिपाहियों की दिलेरी की लोग कर रहे सराहना

**तमकुहीराज।** सेवरही थानाक्षेत्र के जानकी नगर वार्ड नम्बर 2 में गैस एजेंसी के कलेक्शन वाले रुपये भरे बैग को लूटने में असफल रहने वाले बदमाशो में एक बदमाश को पकड़ने में तीन पुलिसकर्मियों ने दिलेरी का परिचय दिया है। बदमाशों के फायर झोंकने के बाद भी तीनों सिपाहियों ने जान पर खेलकर एक बदमाश को दौड़ा कर पकड़ लिया। जान जोखिम में डालकर असलहाधारी बदमाश का पीछा करने वाले तीनों पुलिसकर्मियों की जाबांजी की चर्चा पूरे क्षेत्र में हो रही है।

मंगलवार को सेवरही ब्लाक में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह समाप्त होने के बाद तमकुहीरोड रेलवे स्टेशन के पीछे गौशाला रोड से दो बाइक पर सवार होकर सेवरही पुलिस चौकी पर तैनात चार सिपाही वापस पुलिस चौकी जा रहे थे। नगर पंचायत सेवरही के वार्ड नम्बर 2 जानकी नगर के पास पुलिसकर्मियों की बाइक अभी पहुंची ही थी कि पुलिसकर्मियों ने दो बाइक पर सवार पांच लोगों को असलहा लहराते देखा। पुलिसकर्मी हेड कांस्टेबल हृदयनारायण की अगुवाई में दोनों बाइक सवार पुलिसकर्मी बदमाशों का पीछा करने लगे। पुलिस के पीछा करते देख बदमाशों ने उनपर फायर झोंक दिया। जिससे वह बाल बाल बचे। पुलिसकर्मियों को देख एक बाइक सवार भाग निकले लेकिन दूसरे बाइक पर सवार दो बदमाश घिर जाने पर बाइक छोड़ पैदल भागने लगे। बदमाशों का लगभग पांच सौ मीटर तक पीछा करते हुए सिपाही रोशन त्रिपाठी, सुरेश यादव व जितेन्द्र साहनी ने घेराबंदी कर एक को पकड़ लिया। जबकि दूसरा बदमाश भागने में सफल हो गया। पुलिस की दिलेरी देखकर वहां मौजूद लोग उन्हें दाद दे रहे थे। पुलिसकर्मियों की जाबांजी की सराहना कर रहे थे।




# सिपाहियों की दिलेरी की लोग कर रहे सराहना

**तमकुहीराज।** सेवरही थानाक्षेत्र के जानकी नगर वार्ड नम्बर 2 में गैस एजेंसी के कलेक्शन वाले रुपये भरे बैग को लूटने में असफल रहने वाले बदमाशो में एक बदमाश को पकड़ने में तीन पुलिसकर्मियों ने दिलेरी का परिचय दिया है। बदमाशों के फायर झोंकने के बाद भी तीनों सिपाहियों ने जान पर खेलकर एक बदमाश को दौड़ा कर पकड़ लिया। जान जोखिम में डालकर असलहाधारी बदमाश का पीछा करने वाले तीनों पुलिसकर्मियों की जाबांजी की चर्चा पूरे क्षेत्र में हो रही है।

मंगलवार को सेवरही ब्लाक में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह समाप्त होने के बाद तमकुहीरोड रेलवे स्टेशन के पीछे गौशाला रोड से दो बाइक पर सवार होकर सेवरही पुलिस चौकी पर तैनात चार सिपाही वापस पुलिस चौकी जा रहे थे। नगर पंचायत सेवरही के वार्ड नम्बर 2 जानकी नगर के पास पुलिसकर्मियों की बाइक अभी पहुंची ही थी कि पुलिसकर्मियों ने दो बाइक पर सवार पांच लोगों को असलहा लहराते देखा। पुलिसकर्मी हेड कांस्टेबल हृदयनारायण की अगुवाई में दोनों बाइक सवार पुलिसकर्मी बदमाशों का पीछा करने लगे। पुलिस के पीछा करते देख बदमाशों ने उनपर फायर झोंक दिया। जिससे वह बाल बाल बचे। पुलिसकर्मियों को देख एक बाइक सवार भाग निकले लेकिन दूसरे बाइक पर सवार दो बदमाश घिर जाने पर बाइक छोड़ पैदल भागने लगे। बदमाशों का लगभग पांच सौ मीटर तक पीछा करते हुए सिपाही रोशन त्रिपाठी, सुरेश यादव व जितेन्द्र साहनी ने घेराबंदी कर एक को पकड़ लिया। जबकि दूसरा बदमाश भागने में सफल हो गया। पुलिस की दिलेरी देखकर वहां मौजूद लोग उन्हें दाद दे रहे थे। पुलिसकर्मियों की जाबांजी की सराहना कर रहे थे।

# लुटेरों से जूझकर बचा लिया रुपयों से भरा बैग

**साहस**

सेवरही | हिन्दुस्तान संवाद

स्थानीय उपनगर के एक वार्ड में मंगलवार की देर शाम को पांच लुटेरों ने गैस एजेंसी के चालक से दो लाख रुपये लूटने की कोशिश की। चालक बहादुरी दिखाते हुए बदमाशों से जूझ गया। तब तक किसी की सूचना पर अपाची दस्ते के चार पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गए और लूट का प्रयास विफल कर दिया। फायर झोंककर भाग रहे बदमाशों में से एक को पुलिस ने जान पर खेल कर पकड़ लिया। शेष चार भागने में कामयाब हो गए।

मंगलवार को नगर पंचायत सेवरही के वार्ड नंबर 2 जानकी नगर में श्रीकृष्ण गौशाला के समीप स्नेह इंडियन गैस का डिलीवरी वैन चालक प्रदीप तिवारी कुकिंग गैस सिलेंडर का वितरण कर रहा था। शाम को जब वितरण पूरा हो गया और चालक करीब दो लाख रुपये बैग में रखकर निकलने ही वाला था तब तक दो बाइक पर 5 की संख्या में पहुंचे बदमाशों ने असलहा निकाल कर उसे रोक लिया। चालक के पास मौजूद रुपयों से भरा बैग का लूटने का प्रयास करने लगे। चालक प्रदीप ने बैग नहीं छोड़ा और बदमाशों से धक्का मुक्की करने लगा। इस दौरान बदमाशों ने दहशत बनाने के बाद कट्टे से फायर झोंका तो चालक ने जोर से शोर मचाना शुरू कर दिया। संयोग ही था कि तभी शपथ ग्रहण समारोह समाप्त होने के बाद ब्लॉक से अपाची दस्ते के चार सिपाही दो अपाची से आ रहे थे। आसपास के लोगों की सूचना पर अपाची दस्ते के कांस्टेबल रोशन त्रिपाठी व सुरेश यादव तथा हेड कांस्टेबल के सिपाही जितेन्द्र साहनी साथ क्षण भर में मौके पर पहुंच गए। पुलिस देख बदमाशों ने बैग छोड़ दिया और असलहा लहराते हुए भागने लगे। रोशन व सुरेश ने एक बाइक से जबकि जितेन्द्र ने दूसरी बाइक से बिना देर किए अपनी बाइक बदमाशों के पीछे लगा दी। आगे जितेन्द्र ने दूसरे रास्ते से एक बाइक पर सवार दो बदमाशों को घेर लिया। पीछे रोशन व सुरेश की बाइक थी। घिरा देख दोनों बदमाशों ने बाइक छोड़ दी और पैदल गली में भागने लगे। पुलिस ने घेर कर एक बदमाश को धर दबोचा। जबकि शेष चार भागने में सफल रहे। पुलिस के अनुसार एक बाइक पर दो



चालक प्रदीप तिवारी, सिपाही जितेन्द्र साहनी, सुरेश यादव व रोशन त्रिपाठी।

## विशुनपुरा थाना क्षेत्र में छापेमारी

लुटेरों की तलाश में पुलिस की कई टीमें विशुनपुरा थाना क्षेत्र में छापेमारी कर रही हैं। सीओ तमकुही राज फूलचंद कन्नौजिया थाने पर रात करीब 10 बजे तक जमे थे और इस ऑपरेशन की निगरानी कर रहे थे। पुलिस के अनुसार पकड़े गए बदमाश से सभी लुटेरों का नाम पता हासिल हो गया है और पुलिस टीमें उनके ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। सीओ तमकुही राज ने बताया कि जल्द ही सभी लुटेरों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर दिया जाएगा। पुलिस को गंभीरता से लोगों की तलाशी के भी आदेश दिए गए हैं।


एनआईसी में ऑनलाइन बैठक से जुड़े डीएम एस राज लिंगम व एसपी सचिन्द्र पटेल।

# चौपाल लगाकर किया जनसंवाद

**फाजिलनगर।** पटहेरवा थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने थाना क्षेत्र के रहसु जनुबीपट्टी गांव में चौपाल लगाकर आम लोगों से जनसंवाद करके उनकी समस्याओं को सुना और त्वरित निस्तारण का भरोसा दिलाया।

मंगलवार को दिन के ग्यारह बजे शुरू हुए चौपाल को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष ने कहा कि गांव के लोगों को प्रयास करना चाहिए कि छोटी छोटी समस्याओं का समाधान आपसी तालमेल से गांव में बैठ कर हल कर लें। विशेष परिस्थितियों में ही पुलिस को सूचना करें, पुलिस निस्तारण कराने का प्रयास करेगी। उन्होंने सभी लोगों से कहा कि आप सबके पास बीट के सिपाहियों, उपनिरीक्षक, लेखपाल व गांव के सचिव सहित पुलिस के उच्चधिकारियों का भी मोबाइल नंबर होने चाहिए, जिससे कभी कोई समस्या आये तो आप सूचना दे सकें।

# मानवाधिकार संबंधी मामलों के निस्तारण में दिखाएं तेजी



कलेक्ट्रेट स्थित एनआइसी कक्ष में अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी का वर्चुअल संबोधन सुनते बाएं से एसपी सचिंद्र पटेल ( बाएं ) व डीएम एस राजलिंगम। ● जागरण

**जासं, पडरौना :** मानवाधिकार संबंधी लंबित प्रकरणों के निस्तारण में तेजी दिखाएं, ताकि समय से उनमें जवाब दिया जा सके। यह निर्देश मंगलवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की वर्चुअल बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी ने दिए।

उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाए। कलेक्ट्रेट स्थित एनआइसी कक्ष में आनलाइन बैठक में शामिल डीएम एस राजलिंगम व एसपी सचिंद्र पटेल ने आश्वस्त किया कि निर्धारित समय में मामले निस्तारित कर दिए जाएंगे। बताया कि जनपद में मानवाधिकार के

# पुलिस कर्मियों की हुई कोविड जांच, सभी निगेटिव

**जासं, कुशीनगर :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसया की रैपिड रिस्पांस टेस्टिंग टीम नंबर 24 ने नोडल अधिकारी डा. संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में सोमवार को पुलिस चौकी कुशीनगर पर 30 पुलिस कर्मचारियों का कोविड 19 परीक्षण किया गया। सभी निगेटिव पाए गए। इसके तहत आरटीपीसीआर परीक्षण के लिए सैंपल जिला मुख्यालय पर भेजा गया। टीम द्वारा अब तक 95 सरकारी कर्मचारियों का परीक्षण हो चुका है। सभी निगेटिव रहे हैं। बताया कि सचल दस्ते का यह अभियान 16 जुलाई से चल रहा है, जो 25 जुलाई तक चलेगा। चौकी प्रभारी जगमेंदर कुमार, सच्चिदानंद तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# बकरीद आज, घर पर ही मनाएं त्योहार

**जागरण संवाददाता, पडरौना, कुशीनगर :** डीएम एस राजलिंगम ने त्योहार को लेकर शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देश का पूरी तरह से पालन करने का आह्वान किया। कहा कि प्रोटोकाल के नियमों का पालन करते हुए बकरीद का त्योहार घर पर ही मनाएं। बुधवार को धार्मिक स्थलों पर सामूहिक रूप से नमाज पढ़ने के लिए इकट्ठा होने से बचें। त्योहार मनाते समय शारीरिक दूरी का ख्याल रखें।

एसपी सचिंद्र पटेल ने कहा कि समाज में अराजकता एवं नफरत फैलाने वाले तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है। अपने आसपास किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी होने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें, जिससे कि कार्रवाई की जा सके। कहा कि इंटरनेट मीडिया की निगरानी की जा रही है। अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी। संदिग्धों को चिन्हित कर उन पर नजर रखी जा रही है। त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए संवेदनशील स्थानों पर सादे वेश में भी पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। एडीएम विंध्यवासिनी राय ने कहा कि प्रशासन की पैनी नजर हर गतिविधि पर है।



पडरौना नगर में पैदल मार्च करती पुलिस ● जागरण

## कुर्बानी देते वक्त दूसरों की भावनाओं का रखें ख्याल

बकरीद के अवसर पर दी जाने वाली कुर्बानी पर दूसरों की भावनाओं का भी ख्याल रखें। आसपास अन्य धर्मों के भी लोग रहते हैं। हम कोई ऐसा कार्य न करें, जिससे किसी की धार्मिक भावनाएं आहत हो। इस्लाम धर्म सभी धर्मों का आदर करने को सिखलाता है। यह बातें नौका टोला के पेशे इमाम मौलाना अब्दुल्लाह ने कही। कहा कि कुर्बानी खुले में न करें बल्कि उसे छिपाकर ही करें।

**पुलिस ने पैदल मार्च कर दिया सुरक्षा का भरोसा :** कोतवाल अनुज सिंह ने मंगलवार की शाम नगर में पैदल मार्च कर लोगों में सुरक्षा का भरोसा दिया। इस दौरान मास्क न पहनने व शारीरिक दूरी का अनुपालन न करने वालों को चेताया गया। सुभाष चौक, धर्मशाला रोड, तिलक चौक, जटहां रोड पर व्यापारियों को कोविड नियमों के अनुपालन करने पर जोर दिया गया।

# थानाध्यक्ष ने सुनीं समस्याएं

**जासं, जोकवा बाजार :** पटहेरवा थाने के गांव रहसु जनुबी पट्टी में मंगलवार को शहीद रमाकांत मेमोरियल जूनियर हाईस्कूल परिसर में चौपाल आयोजित हुई। थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने सुरक्षा व क्षेत्र की समस्याओं को लेकर लोगों से संवाद किया।

उन्होंने कहा कि सभी का यह प्रयास होना चाहिए कि छोटी-छोटी समस्याओं को आपसी सहमति से मिल कर हल कर लें। बहुत जरूरी होने पर ही थाने पर जाएं।

उपनिरीक्षक गिरधारी यादव, अरविंद सिंह, मारकंडेय प्रसाद, रामअशीष सिंह, रामदयाल गोंड़, तपेसर भगत, अनूप मिश्रा, विश्वविजय सिंह, विजय बहादुर सिंह, मिंटू सिंह आदि उपस्थित रहे।

# असलहों के रखरखाव पर दें ध्यान : एसपी



कप्तानगंज थाने में दीवान से जानकारी लेते एसपी सचिंद्र पटेल बाएं।

**जागरण संवाददाता, कप्तानगंज:** पुलिस अधीक्षक सचिंद्र पटेल ने सोमवार की रात 11 बजे कप्तानगंज थाने का निरीक्षण किया। उन्होंने शस्त्रागार में रखे असलहों के बेहतर रख-रखाव व सफाई के लिए मुंशी को कड़ी हिदायत दी। अभिलेखों का अवलोकन करने के बाद आवश्यक निर्देश दिया। कहा कि महिला हेल्प डेस्क पर आई शिकायतों का समय से निस्तारण किया जाए।

लगभग दो घंटे तक थाने में रहे एसपी ने अभिलेख, अपराध, आगंतुक व त्योहार रजिस्टरों को देखा। प्रभारी निरीक्षक गोपाल पांडेय से आगंतुक रजिस्टर में दर्ज शिकायतों के निस्तारण के संबंध में पूछताछ की और पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया कि थाने में आने वाले फरियादियों के साथ शालीनता पूर्वक व्यवहार करें। उनकी समस्याओं को सुनें और तत्काल उचित कार्रवाई करें।

पुलिस अधीक्षक ने महिला हेल्प डेस्क पर तैनात आरक्षियों से कहा कि प्रार्थना पत्रों को शीघ्रतापूर्वक निस्तारण करें। पीड़ित/पीड़िताओं को शिकायती पत्र की रसीद दी जाए। जरूरत पड़ने पर पीआरवी टीम को मौके पर भेजें। बीट से जुड़ी सूचना की संबंधित एसआइ से जांच कराकर रजिस्टर को अपडेट किया जाए। सभी पुलिस कर्मी विभाग के मानक के अनुरूप वर्दी पहने। बिना मास्क के किसी भी व्यक्ति को थाने में न आने दें। एसपी ने अपराधियों की निगरानी के लिए बनाई गई ईगल टीम की समीक्षा की।



सीओ सदर संदीप वर्मा की अगुवाई में पडरौना ब्लॉक के गेट पर तैनात पुलिस के जवान। संवाद।

MAHARAJ GANJ POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 21-07-2021

# नेपाल पुलिस ने पकड़ी 40 भारतीय बाइक

**जागरण संवाददाता, निचलौल:** नेपाल के नवलपरासी जिला के परासी बाजार व आसपास के बाजारों में नेपाल पुलिस द्वारा भारतीय नंबर प्लेट लगी 40 बाइकों के पकड़े जाने व अन्य भारतीय बाइकों को पकड़कर चालान करने के अभियान से नेपाली नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है। इसे लेकर नेपाली राजनीतिक दलों ने नवलपरासी के जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है।

नवलपरासी जिले के कई क्षेत्रों व बाजारों में मंगलवार को नेपाली पुलिस द्वारा अभियान चलाकर भारतीय नम्बरों की 40 बाइकों को पकड़ लिया गया। जिसे अधिकांश नेपाली ही चला रहे थे। पुलिस का कहना था कि भारतीय बाइक द्वारा नेपाली सामानों की भारत में तस्करी हो रही है जिसके बाद लोगों में आक्रोश फैल गया। इसकी जानकारी मिलने पर नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी, नेपाली कांग्रेस माओवादी व जनता समाजवादी पार्टी सहित अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने प्रदेश सभा सदस्य बैजनाथ जायसवाल के नेतृत्व में नवलपरासी के जिलाधिकारी धर्मेंद्र मिश्र को ज्ञापन पत्र देते हुए कहा कि पुलिस द्वारा भारतीय नंबर के बाइक को जबरिया पकड़ कर सीज किया जा रहा है। जिसकी कागजात सही है,उसे भी नहीं छोड़ा जा रहा है । जिससे भारत नेपाल के रिश्ते बिगड़ रहे हैं। मधेस क्षेत्र के अधिकांश लोगों के रिश्तेदार भारतीय क्षेत्र में हैं। जो अक्सर नेपाल आते हैं। उनके साथ दुर्व्यवहार करते हुए उनकी बाइक पकड़ना गलत है।

**कार्रवाई**

- **नेपाली राजनीतिक दलों ने विरोध जताते हुए डीएम को सौंपा ज्ञापन**
- **मधेश क्षेत्र में सबसे ज्यादा चलाई जाती हैं भारतीय बाइक**

**रोटी-बेटी का है संबंध:** झुलनीपुर : भारत नेपाल सीमा खुली होने के कारण लोगों के रिश्ते दोनों देशों के सीमावर्ती गांवों में हैं। जिससे लोग भारतीय नंबर प्लेट वाली बाइक से ही नेपाल जाते हैं। इसके साथ ही दोनों देशों के बीच रोटी-बेटी के संबंध होने से शादियों में बाइक उपहार में देते हैं। कुछ नेपाली नागरिक अपने रिश्तेदारों के नाम से बाइक खरीद कर नेपाल में चलाते हैं। उसका मुख्य कारण नेपाल में बाइक के महंगे दाम हैं। इसके साथ ही 15 माह से कस्टम जांच व पर्ची नहीं बनने से भी भारतीय बाइक का चलन नेपाल में बढ़ा है।

# कोरोना प्रोटोकाल का पालन करते हुए मनाएं त्योहार : डीएम



बैठक को संबोधित करते डीएम डा. उज्ज्वल कुमार (बाएं) ● जागरण

**जासं, महराजगंज:** जिलाधिकारी डा. उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में बकरीद त्योहार और सावन मास के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि बकरीद त्याग और बलिदान का त्योहार है और इसे उसी भावना से मनाएं। कोविड गाइडलाइन का पालन करें, ताकि स्वयं के साथ दूसरों को सुरक्षित रख सकें। सोशल मीडिया पर उपद्रवी तत्वों द्वारा फैलाए जाने वाले अफवाहों से सतर्क रहें। पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता ने कहा कि नमाज के दौरान अधिकतम 50 लोगों के इकट्ठा होने के नियम का पालन करें। सभी थानाध्यक्ष विशेष सतर्कता बरतें और रात्रि भ्रमण करते रहें। सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखें। अपर पुलिस अधीक्षक निवेश कटियार और अपर जिलाधिकारी कुंज बिहारी अग्रवाल ने भी बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सभी लोग मास्क लगाएं और दूरी के नियम का पालन करें। इससे पूर्व दोनों समुदाय के प्रबुद्ध लोगों ने पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए यह आश्वासन दिया कि वह लोग पर्व को प्रेम और भाईचारा के साथ मनाएंगे। नगर पालिका अध्यक्ष कृष्ण गोपाल जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# कबाड़ चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**कोल्हुई।** कस्बे में कबाड़ की दुकान से एक युवक सामान चोरी कर बेच रहा था। इस मामले में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर सामान बरामद कर यिा। उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज गया है।

आरोप है कि कस्बे में कबाड़ व्यापारी रवि की दुकान से बिहार का रहने वाला छोटू ने चोरी कर सामान को बेच दिया था। व्यापारी की तहरीर पर पुलिस ने चोर को गिरफ्तार कर सामान बरामद किया। थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार सिंह ने आरोपित को जेल जाने की पुष्टि की। संवाद



डीएम डॉ. उज्ज्वल कुमार व एसपी प्रदीप गुप्ता ने परतावल ब्लॉक का निरीक्षण किया।

# डीएम और एसपी ने निरीक्षण किया

**महराजगंज।** डीएम डॉ.उज्ज्वल कुमार व एसपी प्रदीप गुप्ता ने मंगलवार को ब्लाक प्रमुख और बीडीसी के शपथ ग्रहण कार्यक्रम का जायजा लिया। उन्होंने परतावल समेत कई ब्लाक का निरीक्षण कर शपथ ग्रहण की तैयारियों के बारे में पूछताछ की। कहा कि कहीं से कोई अशांति जैसा माहौल नहीं होना चाहिए।

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 21-07-2021

# गायब युवक 19 दिन बाद बरामद

**रुधौली।** थाना क्षेत्र के नगर पंचायत रुधौली के बड़डीहा टोले से एक जुलाई को गायब 19 वर्षीय युवक गायब हो गया। पुलिस ने युवक को बरामद कर परिजनों को सौंपा।

नगर पंचायत रुधौली के बड़डीहा अरमान सिंह पुत्र राजकुमार सिंह एक जुलाई को मुड़ियार में दुध देने गया था, लेकिन वह लौट कर घर नहीं आया। परिजनों को चिन्ता सताने लगी। खोजबीन के बाद परिजनों ने इसकी सूचना तीन जुलाई को पुलिस को दी।

# हत्यारोपितों पर लगा गैंगस्टर

मुंडेरवा। हत्या के दस आरोपितों पर मुंडेरवा पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र कुंवर ने बताया कि सभी आरोपी जेल में हैं। इनमें आरोपी रुदल प्रसाद चौहान, सूरज चौहान निवासी शिवबखरी थाना महुली जनपद संतकबीरनगर, मनोज चौहान, उस्मान अंसारी, गुड्डु अंसारी उर्फ सई मोहम्मद, मोनू चौहान निवासी उंचहरा कला थाना दुधारा संतकबीरनगर, बस्ती लालगंज थाने के पसड़ा बानपुर निवासी सरवर आलम, अब्दुल, पंकज चौधरी और रमेश चौहान को पाबंद किया गया है।

# साढ़े चार लाख के गबन का आरोप, केस

बस्ती। पुरानी बस्ती पुलिस ने बकाया रुपया हड़पने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। बालाजी खाद सेंटर प्राइवेट लि. के डायरेक्टर पांडेय बाजार निवासी राममनोहर अग्रवाल का आरोप है कि अंबेडकरनगर के मालीपुर थानांतर्गत चितौना निवासी झुन्ना यादव ने उनके सेंटर से दस लाख पांच हजार 232 रुपया का बीज लिया था। भुगतान का शेष चार लाख पैतालीस हजार 805 रुपया नहीं दिया। पुलिस ने आईपीसी की धारा 406 के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# एनडीपीएस व गुंडा एक्ट में तीन पर कार्रवाई

बस्ती। कोतवाली व हर्रैया पुलिस ने एनडीपीएस व गुंडा के तहत तीन पर कार्रवाई की है। पुलिस कार्यालय के अनुसार कोतवाली पुलिस ने आवास विकास कॉलोनी निवासी प्रमोद पांडेय को 250 ग्राम नशीले पाउडर व रामसंवारे यादव निवासी कोहर गडडी थाना महुली संतकबीरनगर हाल मुकाम खीरीघाट भटोलवा थाना कोतवाली को एक किलो 200 ग्राम गाजा के साथ पकड़ा है। दोनों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। धरपकड़ करने वाली टीम में एसआई जनार्दन प्रसाद, मुनीन्द्र त्रिपाठी, कांस्टेबल हरिप्रकाश, आदित्य सिंह शामिल रहे। हर्रैया पुलिस ने 3/4 गुण्डा एक्ट में दिलीप चौधरी निवासी फरेन्दा जागिर को पाबंद किया है।

# आईजी ने थानेदारों से पूछा निस्तारण में देरी क्यों



परिक्षेत्रीय कार्यालय पर मंगलवार को आईजी अनिल कुमार राय ने जनसुनवाई की।

बस्ती | निज संवाददाता

आईजी अनिल कुमार राय ने मंगलवार को रेंज कार्यालय पर जनसुनवाई की। इस दौरान बस्ती, संतकबीरनगर व सिद्धार्थनगर जिलों से पहुंचे फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान जिन प्रकरणों में थाने पर सुनवाई सही ढंग से न किए जाने की बात आई, वहां के थाना प्रभारी/ थानेदार को सीधे फोन लगाया और पूछा कि निस्तारण में देरी क्यों की गई। सख्त हिदायत दी कि हर फरियादी की समस्या को ठीक तरीके से सुनकर उसका त्वरित निस्तारण कराने का प्रयास तत्काल किया जाना चाहिए। आईजी ने थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई/ महिला हेल्पडेस्क को प्रभावी बनाएं, जिससे पीड़ित को इस कोरोना काल में अनावश्यक रूप से अपने थाने से और अपने थाने से मुख्यालय की दूरी तय न करनी पड़े। थाने स्तर पर उचित कार्यवाही कर दी जाए तो जिससे बिना कारण शिकायतकर्ता को जिला व मंडल मुख्यालय की दौड़ न लगानी पड़े। कहा कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है, उसका समाधान व समयबद्ध तरीके कर दिया जाए।

रुधौली ब्लॉक के सिहरी खुर्द में प्रधानाध्यापक था प्रवीण कुमार

# 11 साल से नौकरी कर रहा फर्जी शिक्षक बर्खास्त

बस्ती | निज संवाददाता

बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय स्कूल में दूसरे के अभिलेखों पर फर्जी तरीके से सहायक अध्यापक बन 11 साल तक नौकरी करने का एक और मामला सामने आया है। बीएसए जगदीश शुक्ल ने फर्जीवाड़े के खुलासे के बाद रुधौली ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय सिहरीखुर्द में कार्यरत आरोपी प्रधानाध्यापक प्रवीण कुमार जायसवाल को बर्खास्त कर दिया है। साथ ही वेतन रिकवरी और मुकदमा दर्ज कराने का खंड शिक्षा अधिकारी रुधौली को आदेश दिया है।

बीएसए कार्यालय के अनुसार जिले के रुधौली ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय सिहरीखुर्द में प्रधानाध्यापक पद पर कार्यरत प्रवीण कुमार जायसवाल का सहायक अध्यापक पद पर चयन 2010 में हुआ था। छह माह पूर्व एसटीएफ को शिकायत मिली कि प्रवीण ने किसी दूसरे के अभिलेखों का प्रयोग कर नौकरी हासिल की है। एसटीएफ ने जांच शुरू की तो सामने आया कि असली प्रवीण कुमार जायसवाल जनपद गोरखपुर के ब्रह्मपुर ब्लॉक के प्राइमरी विद्यालय बौउठा में कार्यरत हैं। उनके ही अभिलेखों की मदद से बस्ती में तैनात अध्यापक ने नौकरी हासिल कर ली है। इसकी रिपोर्ट एसटीएफ बीएसए बस्ती को भेजी। इसके आधार पर बीएसए ने रुधौली ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय सिहरीखुर्द में कार्यरत प्रधानाध्यापक को अपना पक्ष रखने की नोटिस जारी की। जांच के साथ ही स्कूल से फर्जी प्रधानाध्यापक गायब हो गया। बीएसए जगदीश शुक्ल ने आरोपी प्रधानाध्यापक को बर्खास्त करते हुए मुकदमा दर्ज कराने का आदेश जारी कर दिया।

### बेसिक शिक्षा

- असली प्रवीण गोरखपुर जिले के ब्रह्मपुर ब्लॉक में हैं कार्यरत
- शिकायत बाद एसटीएफ की जांच में सामने आया फर्जीवाड़ा
- सेवा समाप्त कर वेतन वसूली व मुकदमा दर्ज कराने का आदेश जारी

एसटीएफ की जांच में प्राथमिक विद्यालय सिहरीखुर्द में प्रधानाध्यापक पद पर कार्यरत प्रवीण कुमार जायसवाल का फर्जीवाड़ा सामने आया। फर्जी शिक्षक को बर्खास्त कर वेतन रिकवरी व केस दर्ज कराने का आदेश जारी कर दिया गया है।

– **जगदीश शुक्ल**, बीएसए

# मारपीट के चार मामलों में तीस पर मुकदमा दर्ज

## कार्रवाई

**बस्ती | हिन्दुस्तान टीम**

जिले की रुधौली, हर्रैया व कलवारी पुलिस ने मारपीट की चार घटनाओं में तीस लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के मुड़ियार चौराहे पर सोमवार की रात करीब आठ बजे मारपीट हो गई।


इसी थाने के कडही हालमुकाम मुड़ियार चौराहा निवासी हर्ष उपाध्याय का आरोप है कि विमल सिंह अपने साथी सत्यम पांडेय, शिवम पांडेय, मृत्युंजय सिंह, अनुराग उपाध्याय, रवि अजय आनन्द, विशाल गुप्ता, प्रशांत सिंह व अन्य आठ-दस लोगों के साथ उनकी दुकान में घुस गए और अपशब्द कहे। विरोध करने पर लाठी-डंडे से मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। कलवारी थाने के उमरिया निवासी दिलीप कुमार का आरोप है कि पुरानी रंजिश व मुकदमे की बात को लेकर गांव के विपक्षी रामभरत, मनीष, उषा देवी व रामसूरत ने उनकी बहन रेखा को अपशब्द कहा। लाठी-डंडा व ईंट से मारा, जिससे घायल होकर रेखा बेहोश हो गई। जानमाल की धमकी भी दी। पुलिस ने आईपीसी की धारा में मुकदमा दर्ज किया है।

इसी थाने के बघौड़ा में अमरूद खाकर फेंकने की बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। एक पक्ष के दयाशंकर का आरोप है कि गांव के रविन्द्र, शंकुतला, मिट्ठूलाल व रिंकू ने घर में घुसकर मारपीट की। वहीं दूसरे पक्ष की शंकुतला देवी का आरोप है कि विजयलक्ष्मी, अंकुर, रामनाथ व छोटे लाल ने घर में घुसकर मारापीटा। पुलिस ने क्रास एफआईआर दर्ज की है। हर्रैया पुलिस ने बिजरा निवासी मानस किशोर की तहरीर पर गांव के सूरज, गणेशदत्त व ईश्वर के खिलाफ मारपीट व धमकाने का केस दर्ज किया है।

# बकरीद आज, मस्जिदों में 50 लोग पढ़ सकेंगे नमाज

## संवेदनशील स्थानों पर पीएसी के जवान रहेंगे तैनात

**जागरण संवाददाता,बस्ती:** त्याग और बलिदान का पर्व बकरीद बुधवार को मनाया जाएगा। कोरोना गाइडलाइन के कारण बकरीद की नमाज घरों में ही अदा की जाएगी। हालांकि 50 लोगों को मस्जिदों में कोविड-19 के गाइड लाइन का पालन करते हुए नमाज पढ़ने की अनुमति दी गई है।



अल्लाह की राह में कुर्बानी पेश करने के लिए मंगलवार को मुस्लिम भाइयों ने अपने अपने घर के आस पास स्थित बाजार से बकरा की खरीदारी भी की। घरों में आने वाले मेहमान के स्वागत की तैयारी भी पूरी कर ली गई है। बाजारों में चहल पहल दिखी। बकरीद पर्व को लेकर बच्चों में खासा उत्साह दिख रहा है।

एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि बकरीद की नमाज ईदगाह में नहीं होगी। मस्जिदों में 50 लोग नमाज पढ़ सकते हैं। प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी पर रोक है। खुले में बकरों की कुर्बानी नहीं होगी। लोगों से अनुरोध किया गया है कि वे घरों में ही बकरों की कुर्बानी दें। उनका खून नालियों में न बहने न दें। अवशेष को गड्ढे में दबा दें। बताया कि वाल्टरगंज, गौर और पैकोलिया थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित पशुओं के कुर्बानी की शिकायतें मिलती हैं, ऐसे में वहां इसे रोकने के लिए पीएसी के जवान तैनात किए गए हैं।

सौ रिक्रूटों को भी लगाया गया है। सभी थाना प्रभारी अपने अपने क्षेत्र में बकरीद को लेकर सतर्क रहेंगे और लगातार भ्रमणशील रहकर क्षेत्रों का जायजा लेते रहेंगे।

### निर्बाध बिजली आपूर्ति करने का डीएम ने दिया निर्देश

**जासं, बस्ती :** बकरीद त्योहार के दृष्टिगत जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने सभी अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड को निर्देश दिया है कि नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराएं। लोकल फाल्ट को तत्काल ठीक कराया जाए।

नगरीय क्षेत्र के अंतर्गत नालियों की सफाई, चूने का छिड़काव एवं साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के लिए समस्त अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने समस्त खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत नालियों की सफाई, चूने का छिड़काव एवं साफ-सफाई कराना सुनिश्चित करें।

# लैपटाप व चोरी की मोवाइलों के साथ दो गिरफ्तार

**जासं, बस्ती :** लालगंज पुलिस ने चोरी की एक घटना का अनावरण करते हुए घटना में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

थानाध्यक्ष लालगंज रोहित कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में उप निरीक्षक मुकुन्द त्रिपाठी व ओम प्रकाश मिश्र की टीम ने चोरी के मामले में वांछित दो आरोपितों को चोरी के सामान के साथ सोमवार की रात नेवारी गांव के पास से गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान नीरज गौड़ निवासी ग्राम नेवारी थाना लालगंज व कृष्णा गौड़ निवासी ग्राम रेवटा थाना महुली जनपद संतकबीर नगर, हाल मुकाम ग्राम नेवारी थाना लालगंज के रूप में हुई है। इनके पास से छह एंड्रायड मोबाइल, एक लैपटाप चार्जर सहित व 1400 रुपये बरामद किए गए हैं।

# साढ़े चार लाख रुपये हड़पने के आरोप में मुकदमा

**पुरानी बस्ती :** पुरानी बस्ती पुलिस ने बकाया रुपया हड़पने के आरोप में एक व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। बालाजी खाद सेंटर प्राइवेट लि. के डायरेक्टर पांडेय बाजार निवासी राममनोहर अग्रवाल का आरोप है कि आंबेडकरनगर जिले के मालीपुर थानांतर्गत चितौना गांव निवासी झुन्ना यादव ने उनके सेंटर से 10, 05,232 (दस लाख पांच हजार दो सौ बत्तीस) रुपये का बीज लिया था। भुगतान का शेष 4,45,805 रुपया आरोपित ने नहीं दिया। मामले में पुलिस, तहरीर के आधार पर रकम हड़पने की धारा में मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है। (जासं.)

# नशीला पावडर व गांजा के साथ गिरफ्तार

**बस्ती:** कोतवाली पुलिस ने आवास विकास कॉलोनी निवासी प्रमोद पांडेय को 250 ग्राम नशीला पाउडर के साथ गिरफ्तार किया है। उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# कोर्ट के आदेश पर हत्या का मुकदमा

**बस्ती:** नगर पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर हत्या करने के आरोप में एक नामजद समेत दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। नगर बाजार की सितारा देवी का आरोप है कि उनके पति सुनील कुमार की 15 सितंबर 2020 को साजिश के तहत हत्या कर दी गई। प्रभारी निरीक्षक नगर अरविंद कोरी ने बताया कि महिला का आरोप है कि उसके पति को किराए पर टैंपो देने वाला लगातार पैसा मांग रहा था। पैसा न देने के कारण उनके पति को मार डाला गया। (जासं.)

# कोर्ट के आदेश पर हत्या का मुकदमा दर्ज

**बस्ती।** नगर पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर साजिश के तहत हत्या करने के आरोप में एक नामजद समेत दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। नगर बाजार की सितारा देवी का आरोप है कि उनके पति सुनील कुमार की 15 सितंबर 2020 को हत्या साजिश के तहत कर दी गई। टेंपो का पैसा वापस मांगने के कारण उन्हें मार डाला गया और शिकायत न करने की धमकी उन्हें आरोपितों ने दी थी। नगर पुलिस ने तहरीर के आधार पर महरीपुर निवासी राममिलन और एक अन्य बाइक सवार व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। संवाद

# बदरे आलम हत्याकांड के 10 आरोपियों पर गैंगस्टर

## सगे भाई ने सुपारी देकर कराई थी हत्या, सभी लोग गिरफ्तार, तीन अप्रैल को मुंडेरवा के कठिनइया नदी में मिली थी लाश

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** लालगंज थाने के पसड़ा के बहुचर्चित बदरे आलम हत्याकांड के 10 आरोपितों पर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि संपत्ति बेचने की जिद पर अड़े 24 वर्षीय बदरे आलम की उसके भाई ने सुपारी देकर दो अप्रैल की रात हत्या करवाई थी। जिसकी तीन अप्रैल को चरवाहों ने मुंडेरवा थानाक्षेत्र के कठिनइया नदी में उतराया हुआ शव देखकर शोर मचाया था। बाद में जिस भाई ने हत्या की साजिश की, उसी ने मुंडेरवा थाने पहुंचकर शव की शिनाख्त की थी। एसपी ने बताया कि हत्याकांड में आरोपी रुदल प्रसाद चौहान, सूरज चौहान निवासी शिवबखरी थाना महुली जनपद संतकबीरनगर, मनोज चौहान, उस्मान अंसारी, गुड्डू अंसारी उर्फ सई मोहम्मद, मोनू चौहान निवासी उंचहरा कला थाना दुधारा संतकबीरनगर, बस्ती लालगंज थाने के पसड़ा बानपुर निवासी सरवर आलम, अब्दुल, पंकज चौधरी और रमेश चौहान शामिल पाए गए थे। पुलिस सभी को जेल भेज चुकी है।

### लालगंज थाने के पसड़ा बाजार का निवासी था बदरे आलम

### इस तरह बनी थी हत्या की योजना

**पुलिस** अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि बदरे आलम नशे का आदी था और वह नशे में अक्सर अपने हिस्से की संपत्ति बेचने को लेकर घर में बवाल करता था। आजिज आकर उसके भाई सरवर आलम ने अपने रिश्तेदार अब्दुल करीम, रूदल चौहान निवासी शिव बखरी थाना महुली और मनोज चौहान निवासी ऊंचहर कला थाना दुधारा संतकबीरनगर के अलावा बाकी छह लोगों को साथ मिलाकर बदरे आलम की हत्या की योजना बनाई। इसमें रूदल और मनोज को 25-25 हजार रुपये और बाकी छह को 15-15 हजार रुपये देने की बात तय हुई। योजना के मुताबिक सुपारी देने वाले सरवर आलम और अब्दुल करीम ने दो अप्रैल को अपनी बोलेरो भेजकर सभी हत्यारोपियों को क्षेत्र के टेमी चौराहे पर बुलाया। सभी लोग बोलेरो में सवार होकर बदरे आलम के घर पहुंचे, जहां वह बरामदे में लाइट बंद करके सोया था। सबने मिलकर बदरे आलम का हाथ-पैर गमछे से बांधकर गाड़ी में लाद लिया। मुंह में कपड़ा ठूस दिया, ताकि शोर न मचा सके। बोलेरो में ही गमछे से गला कसकर हत्या कर दी और शव को जमुनहा पुल के ऊपर से कठिनइया नदी में फेंक दिया था। एसपी ने बताया कि आसपास मिले सीसीटीवी फुटेज में सरवर आलम की बोलेरो दिख गई थी, जिसके एक के बाद एक कड़ियां जुड़ती चली गईं।

# साढ़े चार लाख के गबन का आरोप, केस दर्ज

**बस्ती।** पुरानी बस्ती पुलिस ने गेहूं के बीज का बकाया रुपये हड़पने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। बालाजी खाद सेंटर प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर राममनोहर अग्रवाल का आरोप है कि आंबेडकरनगर के मालीपुर थानांतर्गत चितौना निवासी झुन्ना यादव ने उनके सेंटर से दस लाख पांच हजार 232 रुपये का बीज लिया था। भुगतान का शेष चार लाख पैतालीस हजार 805 रुपया नहीं दिया। पुलिस ने आईपीसी की धारा 406 के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। संवाद

# कोर्ट के आदेश पर हत्या का केस

**बस्ती।** नगर पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर साजिश के तहत हत्या करने के आरोप में एक नामजद समेत दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। नगर बाजार की सितारा देवी का आरोप है कि उनके पति सुनील कुमार की पंद्रह सितंबर 2020 को हत्या कर दी गई। टेम्पो का पैसा वापस मांगने के कारण उन्हें मार डाला गया और शिकायत न करने की धमकी दी गई। पुलिस ने महरीपुर निवासी राममिलन और एक अन्य बाइक सवार के खिलाफ धारा 302, 120बी, 506 व एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# मारपीट की तीन घटनाओं में 30 पर मुकदमा दर्ज

**बस्ती।** रुधौली और कलवारी पुलिस ने मारपीट की तीन अलग-अलग घटनाओं में 30 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के मुड़ियार चौराहे पर सोमवार की रात करीब आठ बजे मारपीट हो गई। इसी थाने के कडही हालमुकाम मुड़ियार चौराहा निवासी हर्ष उपाध्याय का आरोप है कि विमल सिंह अपने साथी सत्यम पांडेय, शिवम पांडेय, मृत्युंजय सिंह, अनुराग उपाध्याय, रवि अजय आनंद, विशाल गुप्ता, प्रशांत सिंह व अन्य आठ-दस लोगों के साथ उनकी दुकान में घुस गए और अपशब्द कहने लगे। विरोध करने पर लाठी-डंडे से मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। उधर, कलवारी थाने के उमरिया निवासी दिलीप का आरोप है कि पुरानी रंजिश व मुकदमे की बात को लेकर गांव के विपक्षी रामभरत, मनीष, उषा देवी व रामसूरत ने उनकी बहन रेखा को अपशब्द कहा। लाठी-डंडा व ईंट से मारा, जिससे घायल होकर रेखा बेहोश हो गई। जानमाल की धमकी भी दी। इसी थाने के बघौड़ा में अमरूद खाकर फेंकने की बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमें दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। एक पक्ष के दयाशंकर का आरोप है कि गांव के रविन्द्र, शकुंतला, मिट्ठूलाल व रिंकू ने घर में घुसकर मारपीट की। वहीं दूसरे पक्ष की शकुंतला देवी का आरोप है कि विजयलक्ष्मी, अंकुर, रामनाथ व छोटे लाल ने घर में

# फर्जी शिक्षक को किया बर्खास्त

संवाद न्यूज एजेंसी

## वेतन वसूली व मुकदमा दर्ज कराने का दिया आदेश

## असली प्रवीण गोरखपुर जिले के ब्रह्मपुर ब्लॉक में कार्यरत

**बस्ती।** परिषदीय स्कूल में दूसरे के अभिलेखों पर फर्जी तरीके से शिक्षक बनकर 11 साल तक नौकरी करने का एक और मामला सामने आया है। बीएसए जगदीश शुक्ल ने फर्जीवाड़े के खुलासे के बाद रुधौली ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय सिहरीखुर्द में कार्यरत आरोपी प्रधानाध्यापक प्रवीण कुमार जायसवाल को बर्खास्त कर दिया है। वेतन रिकवरी और मुकदमा दर्ज कराने के लिए बीईओ रुधौली को आदेशित किया है।

जिले के रुधौली ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय सिहरीखुर्द में प्रधानाध्यापक पद पर कार्यरत प्रवीण कुमार जायसवाल का सहायक अध्यापक पद पर चयन 2010 में हुआ था। करीब छह महीने पहले एसटीएफ को शिकायत मिली कि प्रवीण कुमार ने किसी दूसरे के प्रमाण-पत्रों का प्रयोग कर नौकरी

मामला सामने आया कि असली प्रवीण कुमार जायसवाल गोरखपुर जिले के ब्रह्मपुर ब्लॉक के प्राइमरी विद्यालय बौउठा में कार्यरत हैं। उनके ही अभिलेखों की मदद से बस्ती में तैनात अध्यापक ने नौकरी हासिल कर ली है।

इसकी रिपोर्ट एसटीएफ ने बीएसए बस्ती को भेजी। जिसके आधार पर बीएसए ने रुधौली ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय सिहरीखुर्द में कार्यरत प्रधानाध्यापक को अपना पक्ष रखने की नोटिस जारी की। लेकिन फर्जीवाड़े की जांच के साथ ही स्कूल से फर्जी प्रधानाध्यापक लापता हो गया। बीएसए जगदीश शुक्ल ने आरोपी प्रधानाध्यापक को बर्खास्त करते हुए मुकदमा दर्ज

# हत्यारोपितों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

**बस्ती:** हत्या के 10 आरोपितों पर मुंडेरवा पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र कुंवर ने बताया कि सभी आरोपित जेल में निरूद्ध हैं। इनमें आरोपी रुदल प्रसाद चौहान, सूरज चौहान निवासी शिवबखरी थाना महुली जनपद संतकबीरनगर, मनोज चौहान, उस्मान अंसारी, गुड्डू अंसारी उर्फ सई मोहम्मद, मोनू चौहान निवासी उंचहरा कला थाना दुधारा संतकबीरनगर, बस्ती लालगंज थाने के पसड़ा बानपुर निवासी सरवर आलम, अब्दुल, पंकज चौधरी और रमेश चौहान शामिल हैं।

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 21-07-2021

# 1330 वाहनों का किया चालान

**सिद्धार्थनगर।** वाहन चेकिंग के दौरान कागजात में कमी पाए जाने, हेलमेट न पहनने, यातायात नियमों का उलंघन करने के आरोप में 1330 वाहनों का चालान कर दिया। 13.17 लाख रुपये शमन शुल्क वसूल किया गया।

**नेपाली शराब के साथ युवक गिरफ्तारः** लोटन, पुलिस ने नेपाल सीमा के करीब धरमौली गांव के पास मोड़ पर 11 शीशी नेपाली शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपित का नाम झालूर निवासी महदेईयां थाना लोटन है। गिरफ्तारी टीम में हरिवंशपुर चौकी प्रभारी राम अशोक यादव शामिल रहे।

# पुलिस ने नशीली गोलियों के साथ नेपाली युवक को किया गिरफ्तार

**जासं, कपिलवस्तु :** एसएसबी व पुलिस की संयुक्त टीम ने मंगलवार शाम को कपिलवस्तु थाना क्षेत्र के बसंतपुर गांव के पास से नशीली गोलियों के संग नेपाल निवासी एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जवानों ने आरोपित के पास 624 गोलियां बरामद की है। पकड़े गए व्यक्ति का नाम नेपाल के सांस्कृतिक नगरपालिका के वार्ड नंबर तीन पड़रिया निवासी ऐश मोहम्मद है। संयुक्त टीम बार्डर के पास गश्त कर रही थी। इसी दौरान एक बाग के पास संदिग्ध परिस्थितियों में आरोपित को देखा। संदेह के आधार पर चेकिंग किया तो नशीली गोलियां बरामद हुई। कार्रवाई करने वाली टीम में एसएसबी के निरीक्षण श्याम सिंह, अजय कुमार, थाना पुलिस के एसआइ दिलीप कुमार यादव, अभिषेक कुमार, वरुण यादव आदि मौजूद रहे।

### सिपाही बनकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहा किसान का बेटा

# साइकिल की सवारी, पर्यावरण से यारी

ब्रजेश पांडेय ● सिद्धार्थनगर

पुलिस महकमे में कई ऐसे चेहरे हैं जो अपने काम से विभाग का नाम रोशन कर रहे हैं। किसान का बेटा जब सिपाही बना और शरीर पर वर्दी चढ़ी तो संकल्प कार्य के प्रति समर्पण और ईमानदारी का लिया, जो आज भी कायम है। यह नौजवान है जोगिया कोतवाली में तैनात सिपाही दारा सिंह यादव। मूल रूप से ये आजमगढ़ के मकसुदिया निवासी हैं। साइकिल की सवारी करते हैं और दूसरों को पर्यावरण को बचाने की सीख भी देते हैं।

वर्ष 2018 में इनकी पहली तैनाती जिले के कपिलवस्तु थाने में हुई। 17 माह तक पुलिस लाइन में ड्यूटी की, उसके बाद बीते नवंबर से कोतवाली जोगिया में तैनात हैं। हल्का नंबर चार में इनकी ड्यूटी चल रही है। नियमित साइकिल से ड्यूटी करने से यह चर्चा में आए। दारा ने कहा कि जब नौकरी मिली तभी उन्होंने यह संकल्प ले लिया था कि वर्दी के अनुसार आचरण और कार्य को अपने व्यवहार में उतारेंगे। इनका मानना है कि इस कोरोना संकट काल में जो भी साइकिल से चलेगा, उसकी प्रतिरोधक क्षमता बरकरार तो रहेगी ही, सेहत को भी नुकसान नहीं पहुंचेगा। बीमारी तो उसे छूती है, जिन्हें एसी में रहने का रोग लगा है। इस संकट काल में भी मजदूर और किसानों को यह बीमारी छू नहीं सकी, क्योंकि उनकी प्रतिरोधक क्षमता ठीक थी। साइकिल भत्ता सरकार मुझे 240 रुपये देती है। मेरा काम इसी से चल भी जाता है। साइकिल की सवारी से मेरी यारी है। स्नातक हूं, आगे की तैयारी सब इंस्पेक्टर की कर रहा हूं। जब दारोगा बन जाऊंगा तभी बाइक या किसी वाहन का प्रयोग करूंगा। दारा ने कहा कि जब भी मैं किसी गांव में साइकिल से जाता हूं, लोग टोकते जरूर हैं। बच्चे पूछते हैं कि सिपाही जी, साइकिल से ही क्यों चलते हैं। उन्हें बताता हूं कि पर्यावरण को बचाने के लिए इससे अच्छा कुछ भी नहीं है। वाहनों का प्रयोग कम से कम करना चाहिए। नियमित साइकिल चलाने से पूरे शरीर का व्यायाम हो जाता है।

> यदि कोई सिपाही साइकिल भत्ते से अपनी ड्यूटी कर रहा है तो यह बहुत अच्छी बात है। इससे सेहत ठीक रहती है और पर्यावरण का संरक्षण होता है।
> राम अभिलाष त्रिपाठी, एसपी

**जज्बा**

- दे रहे सीख , साइकिल चलाने से ठीक रहती है सेहत
- बच्चे पूछते हैं, सिपाही जी आप साइकिल से क्यों चलते हैं



साइकिल से ड्यूटी जाते सिपाही दारा सिंह यादव ●जागरण

# ईद-उल-अजहा आज, रहेंगे कड़े सुरक्षा के इंतजाम

## मस्जिदों एवं ईदगाहों में सफाई का कार्य पूरा, तैनात रहेंगे पुलिसकर्मी, अधिकारी करेंगे भ्रमण

जागरण संवाददाता, डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर : मुसलमानों का महत्वपूर्ण त्योहार बकरीद यानी ईद-उल-अजहा बुधवार को मनाया जाएगा। पर्व के मद्देनजर मुस्लिम बस्तियों में चहल-पहल चरम पर दिखाई दी। बाजारों की रौनक भी बढ़ती नजर आई। मस्जिदों एवं ईदगाहों में साफ-सफाई कार्य करीब-करीब पूर्ण कर लिया गया। एसडीएम त्रिभुवन ने बताया कि शासनादेश के अनुसार सुबह में अलग-अलग समय पर मस्जिदों एवं ईदगाहों में तीस, चालीस की संख्या में बकरीद की विशेष नमाज अदा की जाएगी। पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम होंगे। ईद-उल-अजहा पर्व की तैयारी करीब एक सप्ताह से दिखाई दे रही है। बाजारों में परिधान खरीदने के लिए भीड़ उमड़ रही है, तो मंडी में बकरों की खरीद की जा रही है। विशेष नमाज के लिए ईदगाहों व मस्जिदों में साफ-सफाई का कार्य जो एक सप्ताह पहले शुरू हुआ, वह करीब-करीब पूर्ण होता दिखाई दिया। पर्व के दिन सुबह में अलग-अलग निर्धारित समय पर नमाज पढ़ी जाएगी। इसी दिन कुर्बानी का जो दौर शुरू होगा, वह निरंतर तीन दिनों तक चलेगा। पर्व को देखते हुए मंगलवार को हल्लौर बकरा मंडी में बाजार लगी। जहां सुबह से ही खरीदारों की भीड़ उमड़ी दिखाई दी। पर्व पर पुलिस व्यवस्था भी चाकचौबंद की गई है। जगह-जगह पुलिस के जवानों के अलावा पुलिस गार्ग, फायर बिग्रेड की ड्यूटी लगाई गई है। अधिकारीगण भ्रमण के जरिये स्थिति का जायजा लेते रहेंगे। प्रभारी निरीक्षक शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि एसडीएम व पुलिस क्षेत्राधिकारी अजय कुमार श्रीवास्तव देव के नेतृत्व में पुलिस व्यवस्था के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने कोविड नियम के तहत कुर्बानी करने के बाद अवशेष खुले स्थानों पर न फेंकने की अपील की। कहा कि सभी लोग शांति पूर्वक त्योहार मनाएं, ऐसा कोई कार्य न करें, जिससे सौहार्द बिगाड़ने का अंदेशा हो।

**त्योहार**

## गोबरहवा में सजी बकरों की मंडी, लोगों ने की खरीदारी

- 70 हजार रुपये में बिका सरयूपारी नस्ल का बकरा
- ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों ने की जमकर खरीदारी

जासं, सिद्धार्थनगर : मुख्यालय के गोबरहवा में मंगलवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार में बकरों की मंडी लगी। बकरीद के एक दिन पहले लोगों ने जमकर खरीदारी की। कोरोना संक्रमण के कारण इसबार बाहर से व्यापारी नहीं पहुंचे। जिले के फार्म से आए बकरों की बिक्री हुई है। ग्रामीण क्षेत्र के बाजारों में बकरों की बिक्री हुई। तोतापरी, सरयूपारी, बरबरी व सिरोही नस्ल के बकरे उपलब्ध रहे। सरयूपारी नस्ल का 80 किलो का एक बकरा 70 हजार रुपये में बिका।

बकरीद के एक दिन पहले कुर्बानी के लिए बकरों की बिक्री जोरों पर रही।

लोग बकरीद की तैयारी में लगे रहे। ऐसे लोग जो किन्हीं कारणों से अभी तक खरीदारी नहीं कर सके थे। वह साप्ताहिक बाजार में पहुंचे। बकरों के साथ गरम मसाला, प्याज व लहसुन खरीदा। बाजार में बड़े बकरों की भरमार रही। 50 किलो से ऊपर के करीब 30 बकरों की बिक्री हुई। इसके अलावा बांसी, डुमरियागंज, हल्लौर, इटवा, बिस्कोहर, कठेला, बढ़नी, तुलसियापुर, कोटिया बाजार, शोहरतगढ़, खुनुवां, बर्डपुर, मोहाना, ककरहवा, लोटन आदि ग्रामीण क्षेत्र में भी खरीदारों की भीड़ लगी रही।



बकरों की खरीदारी करते लोग ●जागरण

**बकरा पालन से लिखी समृद्धि की दास्तान** : सदर ब्लाक के पटनी जंगल गांव निवासी मकबूल अहमद ने बकरा पालन से समृद्ध की दास्तान लिखी। इन्होंने बकरीद के लिए बकरों को तैयार किया था। वह सऊदी अरब में डीजल मैकेनिक के रूप में काम कर रहे थे। कोरोना संक्रमण के दौरान वापस गांव आए। गांव में बकरा पालन के फार्म बनाया। बकरी से प्रजनन कराया। बरबरी व सिरोही नस्ल के 40 बकरी व दो बकरा से काम शुरू किया। इन बकरियों से 60 बच्चे पैदा हुए। इसमें 22 बकरे थे। सऊदी अरब की तर्ज पर इनकी देख-रेख की। मैदान में चरने के बजाय फार्म में ही चारा दिया। पौष्टिक आहार के रूप में गेहूं, आटा, चोकर, चने का छिलका, बाजरा, मक्का आदि दिया गया। जिससे इनका वजन 60 से 70 किलो तक का पहुंच गया। बकरीद के समय यह बकरे फार्म से ही बिक गए। कुछ बकरे गोबरहवा साप्ताहिक बाजार में ले जाकर बेचा।

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 21-07-2021

# एसपी ने व्यापार मंडल पदाधिकारियों को दिलाया सुरक्षा का भरोसा

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ की अध्यक्षता में व्यापारी प्रतिनिधियों की बैठक संपन्न हुई। जिसमें व्यापारी व पुलिस संबंधों के विषय में व्यापक चर्चा हुई और इसे मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। इसी क्रम में पुलिस सुरक्षा प्रकोष्ठ को फिर से सक्रिय करने पर जोर दिया गया। व्यापारी प्रतिनिधियों व पुलिस अधिकारियों के बीच एक वाट्सएप समूह बनाकर आपसी समन्वय बनाने की बात पर सहमति बनी। साथ ही शहर की विभिन्न समस्याओं पर भी प्रकाश डाला गया जिस पर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा त्वरित समाधान करते हुए जिम्मेदारों को निर्देशित किया गया।

बैठक में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष श्रवण कुमार अग्रहरी, प्रदेश उपाध्यक्ष अमित जैन ने व्यापारियों की समस्याओं को रखा। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने व्यापारियों से उनकी समस्याओं के बारे मे पूछा तो व्यापारियों द्वारा मुख्य रूप से यातायात व्यवस्था व पार्किंग की समस्या के बारे में अवगत कराया गया। जिसके निदान हेतु एसपी द्वारा संबंधित को निर्देशित करने के साथ व्यापारियों को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया और व्यापारियों को अपने-अपने दुकानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने की बात की गयी। उन्होंने बताया कि कैमरे हमारे 24 घंटे काम करते हैं जिससे गतिविधियों पर निगाह रखीं जा सकती है।



बैठक को संबोधित करते-पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, साथ में एएसपी, सीओ

अपराध होने पर पुलिस के भी सहायक होते हैं यह एक ऐसा यंत्र है जो 24 घंटे कार्य करता है। अपराध के दृष्टिगत कैमरे रोड साइड की तरफ लगवाने हेतु सुझाव दिये गये। पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि सुरक्षा के दृष्टिगत यूपी-112 तथा स्थानीय पुलिस की गाड़ियां महत्वपूर्ण स्थानों- व्यापारिक प्रतिष्ठानों के आस पास 24 घण्टे भ्रमण करती रहती है और किसी भी प्रकार की आशंका होने पर अविलंब पुलिस को सूचना दें जिससे समय रहते कानूनी कार्रवाई की जा सके। एसपी ने पुलिस विभाग की ओर से पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया गया तथा व्यापारी बंधुओं को निरंतर सुरक्षा कां एहसास कराने के लिए पुलिस द्वारा उनसे लगातार संपर्क करने के लिए भी कहा गया।

इस गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमान मिश्र, प्रतिसार निरीक्षक पंकज कुमार तिवारी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद मनोज कुमार पांडेय, पीआरओ पुलिस अधीक्षक अमित कुशवाहा, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष श्रवण कुमार अग्रहरी, प्रदेश उपाध्यक्ष अमित जैन, जिला महामंत्री विनीत चड्ढा, जिला कोषाध्यक्ष हरी लाल गुप्ता, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश मंत्री सूर्यभान सिंह श्रीनेत, खलीलाबाद नगर अध्यक्ष पेशकार अहमद, नगर महामंत्री विकास गुप्ता, अनुराग सिंह, तहसील खलीलाबाद प्रभारी महमूद अहमद, हार्डवेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष शेखू खान, नगर अध्यक्ष विजय कादू, मगहर नगर महामंत्री सुजीत गुप्ता, नंदलाल मद्धेशिया, भाजपा नगर अध्यक्ष सतविंदर पाल सिंह जज्जी, कैलाश रुंगटा, मुरलीधर जायसवाल सहित अनेक व्यापारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# नाबालिग को भेजा गया बाल संरक्षण गृह

**बखिरा (एसएनबी)।** थाना क्षेत्र के एक गांव की पांच वर्षीया मासूम के साथ गांव के ही एक नाबालिग द्वारा दुष्कर्म किए जाने के आरोपी को पुलिस ने बाल संरक्षण गृह भेज दिया। सोमवार को पीडिता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने नाबालिग आरोपी के विरुद्ध दुष्कर्म समेत अन्य धारा में केस दर्ज किया था। पीड़िता के पिता ने तहरीर में बताया था कि उसकी 5 साल की मासूम बेटी सोमवार की शाम को गांव के बाहर उत्तर तरफ किराने की गुमटी से सामान लेने गई थी जहां पर दुकानदार के बारह वर्षीय नाबालिग लड़के ने कथित रूप से उसकी मासूम बेटी के साथ जबरन दुष्कर्म किया था। खून से लथपथ मासूम ने घर पहुचकर पूरी घटना बताई थी। परिजनो ने घटना की सूचना तत्काल डायल 112 पर दी थी। मौके पर पहुंची पीआरबी ने पीड़ित मासूम को थाने पर पहुंचाया था। थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता के पिता की तहरीर पर घटना मे दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी को अभिरक्षा में लेकर बाल संरक्षण गृह भेज दिया गया ।

# घर पर पढ़ी जाएगी बकरीद की नमाज



धनघटा और महुली थाने पर *बैठक कर बकरीद त्योंहार को* लेकर की गई सुरक्षा की तैयारियों की सीओ ने की समीक्षा

धनघटा (एसएनबी)। कोरोना प्रोटोकाल के तहत बकरीद की नमाज घर पर ही अदा की जाएगी। ईदगाहों पर बकरीद की नमाज की अदा करने की इजाजत कोरोना संक्रमण फैलने के भय से प्रशासन द्वारा नहीं दी गई है।

उक्त बाते मंगलवार को धनघटा और महुली थाने के सभी उपनिरीक्षकों की आयोजित अलग-अलग बैठकों में बकरीद के त्योंहार पर की गई सुरक्षा की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सीओ धनघटा राम प्रकाश ने कही। सीओ ने कहा कि सभी लोग जहां अपने घर पर ही कुर्बानी करेंगे तो वहीं घर पर ही बकरीद की नमाज भी कोरोना प्रोटोकाल का पालन करते हुए अदा करेंगे। बकरीद त्योंहार पर सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर सीओ ने सभी मातहत उपनिरीक्षकों से अपने-अपने क्षेत्र में कड़ी निगरानी करने का निर्देश देते हुए कहा कि बकरीद के दौरान कोरोना प्रोटोकाल का पालन कराने की जिम्मेदारी उन्हीं के कंधों पर है ऐसी दशा में सुरक्षा को लेकर किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सीओ ने क्षेत्र के अराजक तत्वों के उपर विशेष नजर बनाए रखने की निर्देश मातहतो को देते हुए कहा कि त्योंहार के मौके पर कोई भी अगर खलल डालने की कोशिश करेगा तो उसके साथ सख्ती से पेश आने की जरूरत है। सीओ ने सभी पुलिसकर्मियों को बैठक में बकरीद के त्योहार को शान्तिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने की सख्त निर्देश दिया है। धनघटा थाने पर आयोजित समीक्षा बैठक में प्रभारी निरीक्षक रोहित प्रसाद के अलावा वरिष्ठ उपनिरीक्षक हरिकेश भारती, उपनिरीक्षक राममिलन यादव, अमरनाथ यादव, वृजमोहन सिंह, वीरबहादुर यादव, राजाराम यादव, चौकी प्रभारी पौली मनोज कुमार पटेल, चौकी प्रभारी विड़हरघाट अरूण कुमार पाण्डेय, चौकी प्रभारी लोहरैया विवेकानन्द तिवारी, चौकी प्रभारी बंसवारीगांव राजेन्द्र सिंह यादव व चौकी प्रभारी जगदीशपुर लालविहारी निषाद समेत थाने पर तैनात सभी उपनिरीक्षक उपस्थित रहे। इसी प्रकार महुली थाने की समीक्षा बैठक में थानाध्यक्ष महुली धर्मेन्द्र कुमार सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार यादव, उपनिरीक्षक राजेश मिश्र, पारसनाथ सिंह यादव व काली जगदीशपुर, मोलनापुर, हरिहरपुर, मुखलिसपुर, शनिचरा बाबू पुलिस चौकी के प्रभारी उपस्थित रहे।

# बकरीद के मद्देनजर मुसहरा में भारी फोर्स तैनात

**धर्मसिंहवा।** बकरीद त्योहार को लेकर मुसहरा अतिसंवेदनशील गांव है। मुसहरा में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मंगलवार को यहां पर भारी फोर्स तैनात कर दी गई है। सुबह कड़ी सुरक्षा के बीच नमाज पढ़ाई जाएगी। मुसहरा में वर्ष 2007 में कुर्बानी को लेकर के दो पक्षों में बवाल और आगजनी की घटना हुई थी। तब से सुरक्षा को लेकर प्रशासन काफी सतर्क रहती है। थानाध्यक्ष धर्मसिंहवा जीतेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि मुसहरा गांव में बकरीद त्योहार को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।



मंगलवार को पुलिस लाइन सभागार में व्यापारियों संग बैठक करते एसपी डॉ. कौस्तुभ।

# व्यापार मंडल के साथ बैठक कर दिलाया सुरक्षा का भरोसा

**संतकबीरनगर | निज संवाददाता**

पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ ने मंगलवार को पुलिस लाइन सभागार कक्ष में व्यापार मंडल के साथ बैठक कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पदाधिकारियों व व्यापारियों के समुचित सुरक्षा व्यवस्था एवं उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु गोष्ठी की गई।. उनकी समस्याओं के बारे में पूछकर निदान के लिए आश्वस्त किया गया।

व्यापारियों ने मुख्य रूप से यातायात व्यवस्था व पार्किंग की समस्या के बारे में अवगत कराया। एसपी ने संबंधित को निर्देशित किया और व्यापारियों को सुरक्षा के प्रति आश्वश्त किया। इस दौरान व्यापारियों से अपनी-अपनी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने की बात की गई। एसपी ने बताया कि कैमरे 24 घंटे काम करते हैं। जिससे हर गतिविधि पर निगाह रखी जा सकती है। अपराध होने पर पुलिस के लिए भी सहायक होते हैं। यह एक ऐसा यंत्र है जो 24 घंटे कार्य करता है। अपराध के दृष्टिगत कैमरे रोड साइट की तरफ लगवाने का एसपी ने व्यापारियों को सुझाव दिया। इस दौरान पुलिस सुरक्षा प्रकोष्ठ को फिर से सक्रिय करने पर जोर दिया गया तथा व्यापारी बीच एक व्हाट्सएप समूह बनाकर आपसी समन्वय बनाने की बात पर सहमति बनी।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सुरक्षा के दृष्टिगत यूपी-112 तथा स्थानीय पुलिस की गाड़ियां महत्वपूर्ण स्थानों व व्यापारिक प्रतिष्ठानों के आस पास 24 घण्टे भ्रमण करती रहती हैं। किसी भी प्रकार की आशंका होने पर अविलंब पुलिस को सूचना दें। इस गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमान मिश्र, प्रतिसार निरीक्षक पंकज कुमार तिवारी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद मनोज कुमार पांडेय, पीआरओ पुलिस अधीक्षक अमित कुशवाहा के साथ ही अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। व्यापारियों की तरफ से अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष श्रवण कुमार अग्रहरी प्रदेश उपाध्यक्ष अमित जैन जिला महामंत्री विनीत चड्ढा जिला कोषाध्यक्ष हरी लाल गुप्ता युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश मंत्री सूर्यभान सिंह श्रीनेत, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष बनर्जी लाल अग्रहरी व जिलाध्यक्ष पुष्कर चौधरी सहित अनेक व्यापारी

# बकरीद पर सुरक्षा को लेकर पुलिस मुस्तैद

**संतकबीरनगर।** जनपद में बकरीद पर सुरक्षा को लेकर पुलिस फोर्स मुस्तैद हो गई है। कोविड गाइडलाइन का अनुपालन कराकर त्योहार मनाने की छूट दी जाएगी। सभी स्थानों पर स्थानीय पुलिस के अलावा अतिरिक्त फोर्स तैनात की गई है, जो शांति व सुरक्षा व्यवस्था के लिए काम करेगी।

बकरीद का त्योहार जनपद में बुधवार को मनाया जाएगा। इसके लिए जिला व पुलिस प्रशासन ने व्यापक प्रबंध कर लिया है। पहले से ही थाना व जनपद स्तर पर शांति कमेटी के साथ बैठककर सभी से आपसी प्रेम व साहार्द के साथ त्यौहार मनाने की अपील की गई है। अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि जनपद के सभी थाना में प्रर्याप्त सुरक्षा प्रबंध किया गया है। स्थानीय थाना पुलिस के अलावा नौ इंस्पेक्टर, पांच एसआई, 99 हेड कांस्टेबल, चार फायर टेंडर, दो प्लाटून पीएसी को सुरक्षा व शांति व्यवस्था का जिम्मा सौपा गया है। कोतवाली खलीलाबाद, बखिरा, दुधारा और धर्मसिंहवा क्षेत्र में सुरक्षा के लिए एक-एक फायर टेंडर तैनात रहेंगे। सात क्यूआरटी टीम भी मुस्तैद रहेगी। कोतवाली में दो और तीनों सीओ के साथ में एक-एक क्यूआरटी टीम को

# 14 आरोपितों पर कसा शिकंजा

**संतकबीरनगर।** जनपद पुलिस ने कई मामले में 14 आरोपितों को दबोचकर कानूनी शिकंजा कसा। पुलिस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार जिले की पुलिस ने अपराधियों के धर पकड़ के लिए अभियान चलाया। धनघटा पुलिस ने पांच, मेंहदावल तीन, बखिरा एक और बेलहरकला पुलिस ने दो आरोपित को शांति भंग की आशंका में चालान किया। इसके साथ ही थाना दुधारा पुलिस ने एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर व एक अवैध जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ अभियुक्त अब्दुल बारी उर्फ बोदे पुत्र डेब्बर निवासी साफियाबाद को गिरफ्तार किया।

# पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**संतकबीरनगर।** जनपद पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार जिले की पुलिस ने वाहनों की सघन जांच पड़ताल की। सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की। चेकिंग के दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्रवाई करते हुए 90 वाहनों के स्वामियों से यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में 82 हजार 400 रूपए शमन शुल्क वसूल किया।

# ईद–उल–अजहा आज, मजिस्ट्रेट रखेंगे नजर

## अकीदतमंद सुबह आठ बजे से 11 बजे तक अदा कर सकेंगे नमाज, नहीं जुटेंगे 50 से अधिक लोग

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : मजिस्ट्रेट की निगरानी में बकरीद का पर्व बुधवार को मनाया जाएगा। सुबह आठ बजे से 11 बजे तक कोविड गाइडलाइन का पालन करते हुए नमाज अदा की जाएगी। एक स्थान पर 50 से अधिक लोग नहीं जुटेंगे। प्रतिबंधित पशुओं को छोड़कर अन्य की सिर्फ घर में ही कुर्बानी की जा सकेगी। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने शांतिपूर्ण माहौल में पर्व मनाने के लिए थानावार मजिस्ट्रेट नामित कर दी हैं। इसके अलावा सात संवेदनशील मुस्लिम बाहुल्य गांवों के लिए सात स्टैटिक मजिस्ट्रेट भी नामित किए गए हैं। कहीं कोई नई परंपरा की शुरूआत न हो, मजिस्ट्रेट इस पर नजर रखेंगे।

**त्योहार**

- एक स्थान पर नमाज अदा करने को 50 से अधिक लोग नहीं जुटेंगे
- सात संवेदनशील मुस्लिम बाहुल्य गांवों में रहेंगे स्टैटिक मजिस्ट्रेट

"शांतिपूर्ण माहौल में बकरीद का पर्व सकुशल पूर्वक संपन्न कराने के लिए मजिस्ट्रेट नामित कर दिए गए हैं। सभी मजिस्ट्रेट संबंधित थानाक्षेत्र व संवेदनशील गांव का निरंतर भ्रमण करके जायजा लेते रहेंगे। कोविड गाइडलाइन का पालन कराने के साथ ही पल-पल की गतिविधियों से जिला प्रशासन को अवगत कराएंगे।

दिव्या मित्तल, डीएम

एसडीएम राज नारायण त्रिपाठी को कोतवाली खलीलाबाद, एसडीएम अजय कुमार त्रिपाठी को धर्मसिंहवा व मुसहरा गांव व एसडीएम योगेश्वर सिंह को धनघटा थाने की जिम्मेदारी दी गई है। जबकि तहसीलदार शशांक शेखर राय को दुधारा, तहसीलदार प्रियंका चौधरी को बेलहरकला व तहसीलदार रत्नेश त्रिपाठी को महुली थाने की जिम्मेदारी दी गई है। खलीलाबाद के नायब तहसीलदार विजय कुमार गुप्त को बखिरा व डीईएसटीओ एनके सिंह को मेंहदावल थाने का दायित्व सौंपा गया है। इसके अलावा जिला कृषि अधिकारी पीसी विश्वकर्मा को धर्मसिंहवा थानाक्षेत्र के मुसहरा गांव, बीडीओ बघौली सौरभ पाण्डेय को बखिरा थानाक्षेत्र के सोनौरा गुमानराय, बीडीओ मेंहदावल महावीर सिंह को बखिरा थानाक्षेत्र के फेऊसा तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी श्वेता त्रिपाठी को बखिरा थानाक्षेत्र के बनौली गांव; बीडीओ नाथनगर विजय कुमार पाण्डेय को बखिरा थानाक्षेत्र के भीखाडांड़, बीडीओ बेलहरकला राकेश कुमार को बखिरा थानाक्षेत्र के हसनी गांव तथा प्रभारी बीडीओ-खलीलाबाद रेनू चौधरी को दुधारा थानाक्षेत्र के रसूलपुर गांव की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## मुसहरा में बकरीद को लेकर प्रशासन सतर्क

जागरण संवाददाता, धर्मसिंहवा, संतकबीर नगर: धर्मसिंहवा थानाक्षेत्र के ग्राम मुसहरा में बकरीद पर कुर्बानी को लेकर वर्ष 2007 में दो समुदायों के बीच विवाद हो गया था। इसके बाद से यहां ईद-उल-अजहा (बकरीद) पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की देखरेख में मनाया जाता है। मंगलवार को यहां पुलिस के साथ ही पीएससी के जवानों को तैनात कर दिया गया। बीते 13 वर्षों से यहां ग्राम निवासियों के बकरों को कब्जे में लेकर प्राथमिक विद्यालय में रखा जाता है। बकरों के चारा पानी का इंतजाम के साथ ही उनके स्वास्थ्य की देखभाल के लिए पशु चिकित्साधिकारियों को लगाया जाता है। इस बार भी बकरों को कब्जे में ले लिया गया है। लगातार तीन दिनों तक गांव के चप्पे-चप्पे पर पुलिस फोर्स तैनात रहेगी।



धर्मसिंहवा थाना क्षेत्र के मुसहरा गांव में सुरक्षा का जायजा लेते थानाध्यक्ष जीतेन्द्र कुमार यादव दाएं व मौजूद अन्य पुलिस कर्मी • जागरण


एसडीएम मेंहदावल अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि त्योहार में नई परंपरा की शुरुआत करने की अनुमति नहीं है। पुरानी परंपराओं का पालन करके सभी को त्योहार मनाने के लिए कहा जा रहा है। कोई भी व्यक्ति यदि मनमाने रूप से कार्य करने का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। सभी की मदद के लिए पुलिस और प्रशासन तत्पर है। एसओ धर्मसिंहवा जितेंद्र यादव ने बताया कि एहतियात के तौर पर 41 लोगों को शांतिभंग की आशंका में पाबंद भी किया गया है।

# सुरक्षा के लिए तैयार है पुलिस आप भी रहिए सतर्क : एसपी

## एसपी ने व्यापारियों के साथ की बैठक, सुरक्षा का दिया आश्वासन

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगरः पुलिस सभी की सुरक्षा के लिए तत्पर है। व्यापारियों को भी सक्रिय होकर इसमें सहयोग के लिए आगे आना चाहिए। कहीं से भी कोई समस्या सामने आए तो इसकी जानकारी पुलिसकर्मियों को दी जानी चाहिए।

मंगलवार को एसपी डा. कौस्तुभ ने पुलिसलाइन के सभागार में शहर के व्यापारियों के साथ बैठक किया। उन्होंने कहा कि अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस कोई कोताही नहीं कर रही है। व्यापारियों को निश्चिंत होकर कार्य करना चाहिए। पुलिस के कार्य में आम जनता का सहयोग शामिल हो जाने से बड़ी राहत मिलती है। उन्होंने व्यापारियों से दुकानों के बाहर सड़क की तरफ रुख करके सीसीटीवी कैमरे लगवाने को कहा। इस दौरान एएसपी संतोष कुमार सिंह, सीओ अंशुमान मिश्र, पवन छापड़िया, प्रतिसार निरीक्षक पंकज कुमार त्रिपाठी, अमित जैन, श्रवण अग्रहरि, सर्वदानंद पांडेय, विनीत चड्ढा, पुष्कर चौधरी, कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार पांडेय, अमित कुशवाहा समेत अनेक लोग मौजूद रहे।



पुलिस लाइन सभागार में व्यापारियों के साथ बैठक करते एसपी डा. कौस्तुभ दाएं • जागरण

## हत्या के मामले में तीन आरोपितों की जमानत अर्जी खारिज

**जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर** : जिला व सत्र न्यायाधीश महफूज अली ने मंगलवार को हत्या के मामले में तीन आरोपितों की जमानत अर्जी खारिज कर दी। यह मामला कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र का है। खलीलाबाद के बरईटोला निवासी संजय कुमार ने बीते दो मार्च को कोतवाली में मुकदमा दर्ज करवाते हुए कहा कि एक मार्च की रात लगभग 10 बजे विजय चौरसिया ने दो पुत्रों के साथ उनके चाचा-चाची व भाई-बहन पर लाठी-डंडा व चाकू-फावड़ा आदि से हमला कर दिया। घटना में गंभीर रूप से घायल उनकी चाची लक्ष्मीना की मौत हो गई। अभियोजन पक्ष की तरफ से पैरवी करते हुए जिला शासकीय अधिवक्ता आनंद राय ने इसे सुनियोजित हत्या का मामला बताया। इसे लेकर जिला जज ने विजय चौरसिया समेत तीनों आरोपितों की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

## दुष्कर्म आरोपित भेजा गया संप्रेक्षण गृह

**जागरण संवाददाता, बखिरा, संतकबीर नगर**: बखिरा क्षेत्र के एक गांव में पांच साल की मासूम से दुष्कर्म करने के आरोपित किशोर को पुलिस ने मंगलवार को बाल कल्याण समिति के सामने पेश किया, जहां से उसे राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) भेज दिया गया।

बीते सोमवार की शाम को मासूम दुकान पर टाफी लेने गई थी। किशोर ने मासूम को अकेला पाकर दुष्कर्म किया। रोती हुई घर पहुंची मासूम स्वजन से आपबीती बताई। बाद में पुलिस ने आरोपित किशोर पर दुष्कर्म व

# एसपी ने व्यापारियों को दिया सुरक्षा का भरोसा



एसपी ने व्यापारियों के साथ बैठक की। संवाद

## पुलिस लाइंस में व्यापारियों के साथ बैठक कर एसपी ने समस्याएं सुनीं

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने मंगलवार को पुलिस लाइंस सभागार में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों की समस्याएं सुनीं और उन्हें सुरक्षा का भरोसा भी दिया। उन्होंने कहा कि शहर में पार्किंग की व्यवस्था कराई जाएगी।

बैठक में एसपी ने व्यापारियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। व्यापारियों ने यातायात व्यवस्था व पार्किंग की समस्या के बारे में अवगत कराया। एसपी ने यातायात पुलिस को निर्देश दिया कि इस समस्या का निस्तारण कराएं। उन्होंने व्यापारियों को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया। कहा, व्यापारी अपने-अपने दुकानों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाएं। ऐसी काम करें, ताकि शरारती तत्वों की गतिविधियों पर निगाह रखी जा सके।

सुरक्षा के दृष्टिगत यूपी-112 और स्थानीय पुलिस की गाड़ियां महत्वपूर्ण स्थानों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों के आस पास 24 घंटे भ्रमण करतीं हैं। किसी भी प्रकार की आशंका होने पर अविलंब पुलिस को सूचना दें, जिससे समय रहते कार्रवाई की जा सके।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, सीओ खलीलाबाद अंशुमान मिश्र, प्रतिसार निरीक्षक पंकज कुमार तिवारी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मनोज कुमार पांडेय, पीआरओ अमित कुशवाहा आदि लोग

# कड़ी सुरक्षा के बीच मुसहरा में घरों में पढ़ी जाएगी नमाज

## अतिसंवेदनशील गांव में सुरक्षा के मद्देनजर अफसर भी रहेंगे मौजूद

संवाद न्यूज एजेंसी

**धर्मसिंहवा।** बकरीद के अवसर पर धर्मसिंहवा थाना क्षेत्र के अतिसंवेदनशील गांव मुसहरा में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मंगलवार को ही फोर्स तैनात कर गांव को छावनी में तब्दील कर दिया गया। बुधवार को कड़ी सुरक्षा के बीच अकीदतमंद अपने घरों में नमाज पढ़ेंगे। वहीं एसडीएम, सीओ आदि गांव में कैंप करेंगे।



मुसहरा में मंगलवार को ही पुलिस टीम पहुंच गई। संवाद

मुसहरा में वर्ष 2007 में कुर्बानी को लेकर के दो पक्षों में बवाल और आगजनी की घटना हुई थी। तब से सुरक्षा को लेकर प्रशासन काफी सतर्क रहता है। इसी क्रम में मंगलवार देर शाम में गांव में भारी फोर्स तैनात कर दी गई। सीओ मेंहदावल अम्बरीष भदौरिया ने बताया कि पूर्व के विवाद को देखते हुए मुसहरा गांव में बकरीद त्योहार को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। बुधवार को यहां के लोग कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए अपने- अपने घरो में नमाज पढ़ेंगे। गांव में पुलिस फोर्स के अलावा एक प्लाटून पीएसी, दो इंस्पेक्टर, पांच उपनिरीक्षक, पुलिस लाइंस से 20 सिपाही, क्यूआरटी के जवान और फायर ब्रिगेड की टीम का इंतजाम किया गया है। अभी तक 41 लोगों को शांति भंग में पाबंद किया है। एहतियातन पुलिस की मदद से ग्रामीणों ने बकरों को निकलवाकर गांव के ही एक मदरसे में पशु चिकित्सा अधिकारी निगरानी में रखा जा रहा है। एसओ जितेंद्र यादव ने बताया कि गांव में तीन दिन तक पुलिस मुस्तैद रहेगी। एसडीएम मेंहदावल अजय कुमार त्रिपाठी और सीओ अंबरीष भदौरिया गांव की हर गतिविधियों पर नजर रखे हुए हैं।

# तमंचा, कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

संतकबीरनगर। दुधारा पुलिस ने मंगलवार को तमंचा और कारतूस के साथ युवक को गिरफ्तार किया। एसओ विनय पाठक ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए आरोपी की पहचान अब्दुल बारी उर्फ बोदे निवासी साफियाबाद थाना दुधारा के रूप में हुई।

पकड़े गए आरोपी के पास से तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। ब्यूरो

# कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** दुधारा पुलिस ने मंगलवार को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। एसओ विनय पाठक ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों की पहचान दिनेश कुमार निवासी बिगरा अव्वल और शंभू निवासी डिहवा दिगेश्वरनाथ थाना दुधारा के रूप में हुई। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। ब्यूरो

# बगैर मास्क पकड़े गए 19 लोगों से वसूला जुर्माना

संतकबीरनगर। बिना मास्क के घूमने वालों के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत मंगलवार को पुलिस ने 19 लोगों को पकड़ा। एसपी डॉक्टर कौस्तुभ ने बताया पकड़े गए लोगों से 2700 रुपये जुर्माना वसूल किया। उन्होंने कहा कि कोरोना का संक्रमण तेजी के साथ फैल रहा है। इससे बचने के लिए मास्क पहनना बेहद जरूरी है। बगैर मास्क के लोग घरों से बाहर कत्तई न निकलें। दो गज की दूरी बनाए रखें और बार-बार हाथ को सैनिटाईज करते रहें। नियमों का पालन करके ही कोरोना की जंग जीती जा सकती है। नियम तोड़ने वालों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई करेगी। ब्यूरो

GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 21-07-2021

# आरोपी जालसाज पुलिस के हत्थे चढ़ा

मनकापुर। पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर फर्जी बीजा देने वाले जालसाज मोहम्मद हनीफ को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस ने काफी दिनों बाद गिरफ्तार करके जेल भेजने का दावा किया है। लाखों रुपये की धोखाधडी करने वाला आरोपी मोहम्मद हनीफ निवासी धर्मपुर काफी समय से लोगों को बीजा बनवाकर विदेश भेजने का फर्जीवाड़ा कर रहा था। पुलिस का दावा है कि अब वह उसकी गिरफ्त में है। उसके साथ उसका साथी घनश्याम निवासी करदा वजीरगंज भी उसके साथ इस फर्जीवाड़े को अंजाम देता है। जिसकी तलाश जारी है। एसपी संतोष कुमार मिश्र के निर्देश पर कोतवाल श्याम बहादुर सिंह की टीम में उप निरीक्षक राकेश कुमार ओझा, हेड कांस्टेबिल लल्लन यादव, कांस्टेबिल राजू यादव ने आरोपी मो. हनीफ को सम्मय माता मोड़ निकट ज्ञानीपुर राम प्रसाद गांव के पास से गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

# परसपुर थाने पहुंचे एएसपी

**परसपुर।** अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज मंगलवार को सुरक्षा के दृष्टिगत स्थानीय ब्लाक मुख्यालय पर चल रहे प्रमुख - बीडीसी सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह की टोह लेने वह परसपुर थाने पहुंचे।

उन्होंने थाने पर बैठकर ही प्रभारी कार्यवाहक इंचार्ज नीरज सिंह से ब्लाक परिसर में आयोजित शपथ ग्रहण की सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। थाने पर बैठे धनावा गांव के फरियादियों से हाल जाना।

उन्होंने मिशन शक्ति के तहत थाने में निर्मित महिला हेल्प डेस्क भवन पर 24 घंटे कांस्टेबलों को बैठकर महिलाओं के समस्याओं को हल संभव निस्तारण करने को कहा है। इसके बाद उन्होंने जरूरी अभिलेखों का तलबकर कुछ महत्वपूर्ण जानकारी ली। कम्प्यूटर आपरेटर पुलिस कर्मियों कुशल कार्य के लिए ससहा।

इस मौके पर हेड मोर्हरिर अरविंद सिंह, सहायक लेखक लालित सिंह, उपनिरीक्षक संजीव चौहान, आशीष वर्मा, योगेश कुमार रहे।

# बालिका को भगा ले जाने का आरोपी पकड़ा

मोतीगंज। पुलिस ने बालिका को भगा ले जाने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष बीएन सिंह ने बताया कि बीते 27 जून को मोतीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव से एक दलित नाबालिग बालिका को युवक भगा ले गया था। इंदरापुर निवासी वेद प्रकाश शुक्ला के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया है।

## युवक गिरफ्तार

गोंडा : मनकापुर पुलिस ने जालसाजी करने के आरोपित धर्मपुर निवासी मो. हनीफ को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि गांव के ही विजय पाल से वीजा बनवाने के नाम पर उसने रुपये ऐंठ लिए थे। (संसू)

## आरोपित गिरफ्तार

गोंडा : पुलिस ने आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के आरोपित नेहा निवासी सिसई जंगल खरगूपुर को गिरफ्तार कर लिया है। हरिशंकर की तहरीर पर मुकदमा हुआ था। आरोप था कि उसके प्रेरित करने से उसके बेटे ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी थी। (संसू)

## अपहरण का आरोपित गिरफ्तार

गोंडा : मोतीगंज के एक गांव की रहने वाली युवती का अपहरण किए जाने के मामले में मुकदमा किया गया था। थानाध्यक्ष ब्रह्मानंद सिंह ने बताया कि आरोपित वेदप्रकाश निवासी इंद्रापुर कोतवाली नगर को गिरफ्तार किया गया है। (संसू)

## तमंचे के साथ पांच गिरफ्तार

**गोंडा :** नगर कोतवाली पुलिस ने चोरी के सामान के साथ सिविल लाइंस निवासी अरशद व कर्नलगंज के सकरौरा पूर्वी निवासी अरमान को गिरफ्तार कर लिया है। उपनिरीक्षक चंद्रप्रकाश सिंह ने बताया कि उनके पास से पायल, चांदी के सिक्के व अवैध तमंचा बरामद किया गया है। वहीं चोरी की योजना बनाते हुए अब्दुल कादिर, व संतोष मिश्र को गिरफ्तार किया गया है। (संसू)

# BALRAMPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 21-07-2021

## बकरीद व अन्य त्योहारों के चलते धारा 144 लागू

सादुल्लाहनगर ः बकरीद, सावन व अन्य त्योहारों को लेकर जिले में 20 जुलाई से 31 अगस्त तक धारा 144 लागू कर दी गई है। डीएम श्रुति ने बताया कि आयोजन के लिए एसडीएम से अनुमति लेनी पड़ेगी। संसू)

# हत्या का वांछित अभियुक्त चाकू के साथ गिरफ्तार

**बलरामपुर | संवाददाता**

थाना हरैया की पुलिस ने हत्या में वांछित अभियुक्त को चाकू के साथ मंगलवार को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त को न्यायालय के लिए रवाना कर दिया गया है।

एसपी हेमंत कुटियाल ने बताया कि हत्या का अभियुक्त न्यायालय से वांछित चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी के लिए क्षेत्राधिकारी राधारमण सिंह के पर्यवेक्षण में टीम गठित की गई थी। क्षेत्राधिकारी के निर्देशन में टीम छापेमारी कर रही थी। मंगलवार को वांछित अभियुक्त थाना खरगूपुर के मोहल्ला चिकवा बधिया निवासी असलम पुत्र हनीफ को ग्राम रतनवा स्थित पुल के पास से गिरफ्तार किया गया है। बताया कि प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र बहादुर सिंह, उपनिरीक्षक कृष्णानंद पांडेय, हेड कांस्टेबल गामा यादव, संजय पांडेय व कांस्टेबल उपेन्द्र यादव की टीम ने अभियुक्त को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। बताया कि अभियुक्त को थाने पर लाकर आयुद अधिनियम में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया है।

## तमंचे के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया

थाना सादुल्लाहनगर की पुलिस ने अवैध तमंचा के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के विरुद्ध थाने में मुकदमा पंजीकृत करके न्यायालय के लिए रवाना किया गया है। उपनिरीक्षक उपेन्द्र यादव ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान थाना मनकापुर अंतर्गत ग्राम राधानगर आमघटी निवासी रमई चौहान पुत्र प्यारे को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है।

खुले में बकरों की कुर्बानी नहीं होगी, अवशेष को कब्रिस्तान में दफनाया जाएगा

# निर्देश : बकरीद पर आज ईदगाहों में नमाज नहीं पढ़ी जाएगी

**तैयारी**

बलरामपुर | संवाददाता

इस बार बकरीद के अवसर पर शासन के निर्देश का पालन करते हुए ईदगाहों में नमाज नहीं पढ़ी जाएगी। मस्जिद में क्षमता के आधे से कम लोग नमाज अदा कर सकेंगे। खुले में बकरों की कुर्बानी नहीं होगी। बकरों के अवशेष व खाल को कब्रिस्तान में दफनाया जाएगा। इस बार बकरों के दाम काफी बढ़े हैं। बकरीद में कपड़ों की खरीद कम लेकिन मेवा, मिष्ठान आदि की खरीद अधिक हुई है।

कोरोना महामारी के फैलाव को रोकने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। सरकार ने आदेश दिया है कि बकरीद पर्व पर कहीं भी अनावश्यक भीड़ एकत्रित न हो। गत दिनों डीएम श्रुति ने शहर के प्रमुख मौलानाओं, काजी एवं ईमामों की बैठक बुलाई थी। कहा था कि कुछ ऐसा काम न किया जाए, जिससे सरकार की मंशा पर फर्क पड़े। त्योहार मनाने के लिए व्यक्ति का जिंदा रहना आवश्यक है। ऐसा कार्य न करें, जिससे कोरोना महामारी को पुनः फैलने का मौका मिले। बैठक के बाद शहर-ए-मुफ्ती मौलाना मसीह अहमद कादरी ने मुसलमानों ने अपील किया कि सभी को सरकार के आदेश का पालन करना होगा। तय किया गया कि प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी नहीं दी जाएगी। बकरों की कुर्बानी सार्वजनिक स्थानों पर नहीं होगी। बकरों की कुर्बानी के बाद खून, खाल व अन्य अवशेष को कब्रिस्तान में दफनाया जाएगा। कोई भी व्यक्ति ईदगाह में नमाज पढ़ने नहीं जाएगा। मस्जिदों में यदि 50 लोगों के नमाज पढ़ने भर की जगह है, तो उसके स्थान पर केवल 20 लोग नमाज अदा कर सकेंगे।



नगर के मुख्य बाजार में मंगलवार को सेवई की खरीदारी के लिए लगी मुस्लिम महिलाओं की भीड़

## शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील

महराजगंज तराई क्षेत्र के ग्राम पंचायत बदलपुर के मजरा उदईपुर में मंगलवार को ईदुल अजहा त्योहार को लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक पीएन तिवारी ने धर्मगुरुओं व ग्राम वासियों के साथ बैठक की। बैठक में लोगों से शांतिपूर्ण व स्वच्छता के साथ त्योहार मनाने की अपील की गई। प्रभारी निरीक्षक ने मुस्लिम समुदाय के लोगों से अपील किया कि मस्जिद में 50 लोगों से अधिक नमाज न पढ़ें। प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी नहीं की जाएगी। साथ ही बकरें की कुर्बानी सार्वजनिक स्थान पर न करें। सभी स्वच्छता का पालन करें। इस मौके पर ग्राम प्रधान सूर्य लाल, महावीर, अशोक कुमार सिंह, कल्लू व मुनव्वर मौजूद थे।

## 50 हजार रुपये का बकरा बिका

बलरामपुर नगर, तुलसीपुर, उतरौला, रेहराबाजार, गैंड़ास बुजुर्ग, सादुल्लाहनगर, श्रीदत्तगंज, ललिया, बल्देवनगर, महमूदनगर, महराजगंज तराई, गैंसड़ी बाजार, पचपेड़वा, गौरा चौराहा व महुआ बाजार में बकरों की खूब बिक्री हुई है। 10 किलो के बकरों की बिक्री 20 हजार रुपये में होने की बात कही जा रही है। बलरामपुर नगर के सरायफाटक, मजीद मोड़, अंबेडकर तिराहा, गर्ल्स इंटर कॉलेज, गदुरहवा व बलुहा मोहल्ले में करीब 50 लाख रुपये के बकरों की बिक्री हुई है। सर्वाधिक बिक्री उतरौला में हुई है। 20 किलो बकरे की बिक्री 50 हजार रुपये में होने की बात कही जा रही है।

## बाजारों में रौनक रही

बकरीद के एक दिन पूर्व मंगलवार को बाजार में रौनक रही। बाजार में सेवई, मेवा-मिष्ठान आदि खरीदने वालों की भीड़ लगी रही। अनुमान के मुताबिक करीब 20 लाख रुपए के मेवा, मिष्ठान व सेवई की खरीदारी हुई है।

## हत्यारोपित गिरफ्तार

**हरैया सतघरवा:** पुलिस ने कटकुइया गांव में महिला के हत्यारोपित को गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के कटकुइया गांव में एक महिला की धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी गई थी। हत्या के आरोप में असलम निवासी चिकवा बधिया थाना खरगुपुर जनपद गोंडा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उसके निशानदेही पर चाकू भी बरामद किया गया है। (संसू)

# बकरीद : प्रशासन सतर्क चप्पे-चप्पे पर रहेगी नजर

## धारा 144 का उल्लंघन करने वालों पर होगी कठोर कार्रवाई



बलरामपुर में पैदल गश्त करती पुलिस टीम। -संवाद

बलरामपुर। बकरीद त्योहार को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। मंगलवार को त्योहार की संवेदनशीलता को देखते हुए चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात की गई है। अराजकतत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी प्रभारी निरीक्षक और थानाध्यक्षों को निर्देश दिया गया है। पुलिस टीम ने पैदल मार्च कर लोगों को शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील की।

डीएम श्रुति ने बताया कि बकरीद की संवेदनशीलता को देखते हुए जिले में धारा-144 लागू कर दिया गया है। लोगों को धारा 144 के साथ-साथ कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करने का निर्देश दिया गया है। मस्जिदों में क्षमता से आधे लोगों को बकरीद की नमाज अता करने की अनुमति दी गई है। भीड़भाड़ इकट्ठा न करने की हिदायत दी गई है। जो लोग धारा - 144 व कोविड-19 प्रोटोकॉल का उल्लंघन करेंगे, उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक हेमंत कुटियाल ने बताया कि बकरीद शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पीस कमेटी की बैठक आयोजित कर लोगों से त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की गई है। किसी भी तरह की अशांति व अराजकता फैलाने पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। सभी थानाध्यक्षों को भ्रमणशील रहकर शांति व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। सार्वजनिक स्थलों तथा संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। संवाद

### बाजार में उमड़ रही भीड़

बकरीद को लेकर मंगलवार को बाजारों में भारी भीड़ रही। लोगों ने देररात तक खरीदारी की। बाजार में खरीदारी के दौरान लोग कोविड प्रोटोकॉल के प्रति पूरी तरह उदासीन दिखे। बाजार न तो सोशल डिस्टेंसिंग का पालन किया गया और न दुकानदारों ने ही खरीदारी करने वालों से कोविड प्रोटोकॉल का पालन कराया। अधिकांश लोग बिना मास्क के दिखाई दिए। दुकानों पर हैंड सैनिटाइजर व हाथ धुलाने के लिए साबुन आदि की व्यवस्था भी नहीं दिखी।

# मस्जिदों में क्षमता से आधे लोग ही पढ़ेंगे नमाज

## कोरोना प्रोटोकॉल का पालन कर मनाया जाएगा ईद-उल-अजहा का त्योहार

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बलरामपुर।** बकरीद 21 जुलाई को मनाई जाएगी। मस्जिदों में क्षमता से आधे लोग ही बकरीद की नमाज पढ़ सकेंगे। नमाज पढ़ते समय कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करना अनिवार्य है। खुले स्थान पर कुर्बानी नहीं की जाएगी। बकरीद के दिन प्रशासन के निर्देशों का हरहाल में पालन किया जाएगा।

शहरमुफ्ती मौलाना मसीह अहमद कादरी ने बताया कि ईद-उल-अजहा मुसलमानों का प्रमुख त्योहार है। इसी महीने में मुसलमान भाई-बहन हज करने के लिए सऊदी-अरब जाते हैं। कोविड-19 के कारण इस वर्ष भी हज की यात्रा पर लोग नहीं जा सके। बकरीद पर हजरत इब्राहिम अलैहहिस्सलाम की सुन्नत अता करते हुए जानवर की कुर्बानी की जाती है। कोविड-19 के चलते इस बार बकरीद की नमाज ईदगाहों में सामूहिक रूप से नहीं पढ़ी जाएगी। मस्जिदों में उसकी क्षमता से आधे लोग बकरीद की नमाज कोविड-19 के नियमों का पालन करते हुए अता करेंगे। सोशल डिस्टेसिंग का पालन करने के साथ चेहरे पर मास्क लगाएंगे। नमाज के बाद कुर्बानी करने वाले लोग साफ सफाई का ध्यान रखते हुए खुले में जानवरों की कुर्बानी नहीं करेंगे। कुर्बानी करते समय खून नाली या सड़क की पटरी पर न बहे इसके लिए गड्ढे में खून व बकरे का अवशेष दफन करेंगे। शहर मुफ्ती ने अपील किया है कि मुस्लिम धर्म के लोग बकरीद त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे दूसरे धर्म के लोग आहत हों। अफवाहों से बचें और जिले के गंगा-जमुनी तहजीब को कायम रखने में सहयोग करें। कोरोना की तीसरी लहर को देखते हुए कोविड प्रोटोकॉल का पालन हरहाल में किया जाए।

# BAHRAICH POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 21-07-2021

# ग्रामीणों ने ऑटो पर लदा कोटे का गेहूं पकड़ा

## सतर्कता

बहराइच | संवाददाता

रामगांव इलाके के लौकना गांव के बाहर मंगलवार को ग्रामीणों ने शक होने पर ऑटो में लदा गेहूं पकड़ा। पुलिस को बुलाकर चालक सहित खाद्यान्न को पुलिस के हवाले कर दिया है। सूचना पर गम्भीरवा पुलिस चौकी पहुंचे खाद्य व रसद विभाग के अधिकारियों ने ऑटो चालक से लिखित बयान दर्ज करवा कर अग्रिम कार्रवाई शुरू की है।

रामगांव थाने के लौकना लोनियनपुरवा गांव के लोगों ने पुलिस को सामूहिक रूप से तहरीर देकर आरोप लगाया है कि मंगलवार की सुबह गांव की कोटेदार कौशिल्या के घर से लगभग सात कुंतल गेहूं ऑटो से लादकर रामगांव में बिक्री करने के लिए जा रहा था, जिसे ग्रामीणों ने पकड़ लिया। यह खाद्यान्न कालाबाजारी के लिए भेजा जा रहा था। ग्रामीण शिकायतकर्ताओं ने बताया कि इस कोटे की दुकान पर पिछले कई महीने से धांधली की जा रही है । पूर्ति निरीक्षक ने जांच की जा रही है।

## पुलिस को सौंपा

- ग्रामीणों ने रामगांव पुलिस को बुलाकर गेहूं लदा आटो सौंपा
- पूर्ति निरीक्षक मामले की जांच कर रहे, चालक के बयान लिये

## दूसरे चरण का खाद्यान्न वितरण आज से

**बहराइच।** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत दूसरे चरण का खाद्यान्न वितरण 21 से 31 जुलाई तक किया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी अनन्त प्रताप सिंह ने बताया कि वितरण में अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को प्रति यूनिट पांच किग्रा नि:शुल्क खाद्यान्न जिसमें तीन किग्रा गेहूं व दो किग्रा चावल का वितरण किया जाएगा। इस दौरान कोटे की दुकानें सुबह छह से रात नौ बजे तक खुली रहेंगी।

### बकरीद आज लेकिन महंगाई और कोरोना महामारी के कारण बाजारों में खरीदारी कम हुई

# कोविड प्रोटोकॉल के तहत होगी नमाज

बहराइच | संवाददाता

हजरत इब्राहिम की सुन्नत की याद में मनाए जाने वाले कुर्बानी के त्यौहार ईद उल अजहा पर कोविड 19 व महंगाई का व्यापक असर पड़ा है। कोविड के प्रोटोकोल की बंदिशों ने इसे परम्परा निर्वहन तक सीमित कर दिया है। इस बार भी इस त्यौहार पर मुस्लिम समुदाय के लोगों में अधिक उल्लास नहीं दिखा। रिश्तेदारों के यहां की आवाजाही भी कम रही। इन दो वर्षों में लोगों में उत्साह कम हुआ है। पिछले वर्षो की तुलना में बाजारों में भीड़ भी कम रही। जिससे दुकानदारों में भी मायूसी देखी गई।

विगत दो वर्ष से कोविड के चलते इस त्यौहार के तौर तरीकों पर काफी असर रहा है। महंगाई ने भी त्योहार का बजट सीमित किया है। फिर भी परम्परा निभाए जाने के लिए लगभग हर घर में तैयारी है। मस्जिदों में केवल 50 लोग नमाज पढ़ सकते है। शहर की जामा मस्जिद, नानपारा मस्जिद, सैय्यद बाड़ा आदि सभी मस्जिदों में कोविड प्रोटोकोल के तहत नमाज होगी। मंगलवार को शहर व ग्रामीण इलाके की बाजारों में अधिक भीड़ नहीं रही। फिर भी लोग कपड़े, सिवइयां, जूते व अन्य सामान खरीदने निकले। जिससे बाजार में चहल- पहल बढ़ी, किन्तु बारिश की वजह से बाजार में खरीदारी फीकी रही।



बकरीद की पूर्व संन्ध्या पर कपड़े की खरीदारी करती मुस्लिम महिलाएं।

**बारिश ने धो दिया ईद उल अजहा का कारोबारः** ईद उल अजहा पर कारोबारियों की तिजारत को धो दिया है। ईद उल फितर की तरह ईद उल अजहा पर कारोबार नहीं होता। इसके बावजूद त्योहार के मद्देनजर लोग कपड़े, जूते, सौन्दर्य प्रसाधन आदि चीजों की खरीदारी करते हैं। हालांकि सिंवईया की खरीद फरोख्त जम कर होती है। तरह- तरह के पकवान बनते हैं। कोविड में लम्बी दूरी के रिश्तेदारों के आमद की गुंजाइश कम ही होती है। महंगाई अलग असर डाल रही है। दूसरी ओर मंगलवार की शाम बारिश ने कारोबारियों की बची खुची उम्मीदों को धो डाला है। इससे भी इस बार कारोबार 75 फीसदी बचा है।

**मदरसों को दी जाती है कुर्बानी की खालः** ईद उल अजहा पर होने वाली कुर्बानी की खाल मदरसों को दी जाती है। मदरसे इन खालों को इकट्ठा कर बिक्री करते हैं। उनसे मदरसे की खर्चे की मद में ले लिया जाता है।

## कोविड प्रोटोकोल से मनाएं ईदुल अजहा : सिराज

बहराइच। ईदुल अजहा का त्योहार प्रशासनिक गाइडलाइन के मुताबिक मनाया जाए। कुर्बानी के जानवरों की वीडियोग्राफी न की जाए। साफ-सफाई का ख्याल रखा जाए। गोश्त को खुले में न ले जाया जाए। इन खयालात का इजहार मदरसा सुल्तानुल उलूम सोसायटी मीरपुर कस्बा व मदरसा आमिना लिलबनात मोहल्ला सालारगंज के संस्थापक एवं प्रबंधक व आल इंडिया मजलिस इत्तेहादुल मुस्लिमीन के विधान सभा सदर मौलाना सिराज अहमद मदनी ने किया। ईदुल अजहा के त्यौहार को भाईचारगी के साथ मनाएं। कुर्बानी के गोश्त को तीन हिस्सों में तकसीम करें। एक हिस्सा गरीबों के लिए, दूसरा हिस्सा अपने लिए, तीसरा हिस्सा अपने रिश्तेदारों के लिए रखे। मौलाना मदनी ने कहा कि अगर कोई अंजान व्यक्ति आप के घर गोश्त देने के लिए आता है, तो आप उसके गोश्त को मत लें। हो सकता है कि वह व्यक्ति उस जानवर का गोश्त आप को दे, जिस जानवर की कुर्बानी हुकूमत की जानिब से मना है, और वह व्यक्ति गोश्त देने के बाद पुलिस को फोन कर दें।

# बार्डर पर विदेशी शराब का जखीरा मिला

**सफलता**

- दो शराब तस्करों को पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने पकड़ा
- दोनों आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर पुलिस ने पूछताछ के बाद जेल भेजा

बहराइच | संवाददाता

सशस्त्र सीमा बल व नवाबगंज थाने की पुलिस ने भारत- नेपाल सीमा पर विदेशी शराब का जखीरा बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया।

नवाबगंज एसएचओ प्रमोद कुमार त्रिपाठी को मंगलवार मध्याह्न सूचना मिली कि कुछ तस्कर सरहद पार से भारतीय इलाके में विदेशी शराब की खेप लाने के प्रयास में है। उन्होंने तत्काल अफसरों को जानकारी दी। एएसपी ग्रामीण अशोक कुमार, सीओ नानपारा जंग बहादुर यादव के पर्यवेक्षण में दरोगा शिव कुमार यादव, सिपाही रवि सिंह, अभिषेक कुमार को दबिश को भेजा।

पुलिस ने सशस्त्र सीमा बल के 42 वीं बटालियन की मनौनापुरवा बार्डर आउट पोस्ट के उपनिरीक्षक रवीश चंद्र राय, हेड कांस्टेबल रामदास, सिपाही भोला यादव, सतेन्द्र मौर्या को साथ लेकर नो मेंस लेंड पर नाकेबंदी की। दो व्यक्तियों को सिर पर बोरी लादे व हाथ में थैला लिए आते देखा। करीब आने पर चारों ओर से घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया गया।

उनकी तलाशी ली गई तो, दो बोरियों में 119-119 पौव्वा नेपाल की डिस्टिलरी में बनी रेशम लीची फ्लावर शराब, दोनों थैलों में 58 पौव्वा कर्णाली गोल्ड ब्रांड बरामद हुआ। दोनों तस्करों की पहचान इसी थाने के निधीनगर संकल्पा के तिगड़ी गांव निवासी दीपू ऊर्फ पिंटू व मुकेश कुमार उर्फ पिंटू के रूप में हुई। दोनों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम में कार्रवाई कर आरोपियों को जेल भेजा गया है।



नवाबगंज थाने में विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार तस्कर।

डकैती में गई नकदी, जेवर और वारदात में प्रयुक्त असलहे व बाइक बरामद

# दो अन्तर्जनपदीय डकैतों को पुलिस ने गिरफ्तार किया

**खुलासा**

**बहराइच | संवाददाता**

मोतीपुर थाने की पुलिस ने जरही में सीमेंट कारोबारी के यहां 18 दिन पूर्व हुई डकैती की वारदात का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने दो शातिर अन्तर्जनपदीय डकैतों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से डकैती की गई नकदी, जेवर बरामद किए है। लूट में प्रयुक्त असलहे व बाइक को भी बरामद किया है।

एसपी सुजाता सिंह ने बताया कि मोतीपुर थाने के जरही रोड स्थित गल्ला व सरिया सीमेंट कारोबारी कमाल अहमद पुत्र नफीस अहमद के घर में डकैतों ने दो जुलाई की रात लोगों को बंधक बनाकर मारपीट कर लूट की वारदात की थी। इस मामले में डकैती की धाराओं में केस दर्ज किया गया था। एसएचओ राम प्रकाश यादव को डकैती के खुलासे के सख्त निर्देश दिए गए थे। मंगलवार सुबह एसएचओ को डकैतों के लोकेशन के पुख्ता सुराग मिले। इसकी जानकारी अफसरों को दी गई। एएसपी ग्रामीण अशोक कुमार व सीओ मिहीपुरवा जंग बहादुर यादव के पर्यवेक्षण में एसएचओ ने निरीक्षण अपराध कन्हई प्रसाद, दरोगा आलोक सिंह, हेड कांस्टेबल उमाशंकर त्रिपाठी, मोइन नसीम अहमद, सिपाही अजय कुमार शुक्ला, राज कुमार वर्मा, वीरू यादव को साथ लेकर आनन फानन में कूंच किया।

पेटरहा नाला के पास पुलिस ने नाकेबंदी की, एक बाइक पर दो युवक आते दिखे। इनके नजदीक आते ही इन्हें चारों ओर से घेर लिया गया। इन दोनों की सावधानी पूर्वक तलाशी ली गई। तलाशी में दो अंगूठी, 40,800 रुपये नकदी, दो तमंचा 12 बोर, पांच कारतूस मिले। कड़ाई से की गई पूछताछ में डकैतों ने जरही रोड पर कमाल अहमद के यहां डकैती की वारदात कबूल की। दोनों की पहचान लखीमपुर खीरी जिले के ईशानगर थाने के पचासा निवासी चिप्पा उर्फ सुन्दर, राम मिन्तर उर्फ मिन्तर के रूप में हुई।



मोतीपुर थाने में जरही में डकैती की वारदात में गिरफ्तार अन्तर्जनपदीय डकैत।

## डकैतों का मास्टर माइंड है चिप्पा

**बहराइच।** लखीमपुर जिले के डकैतों के गिरोह का मास्टर मांइड सरगना चिप्पा उर्फ सुन्दर है। इस पर अब तक 13 विभिन्न आपराधिक मामलों में बहराइच, गोंडा व लखीमपुर के विभिन्न थानों में केस दर्ज है। जबकि इसके दाहिने हाथ राम मिन्तर उर्फ मिन्तर पर मोतीपुर थाने में सात आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसके गिरोह में आधा दर्जन से अधिक डकैत हैं। जरही में हुई डकैती में अभी तीन और डकैतों की पुलिस तलाश कर रही है।

# 40 लीटर शराब बरामद

**शिवपुर :** पिपरिया के भुइहारनपुरवा में दूजी के घर सोमवार को उपनिरीक्षक अनुज त्रिपाठी की टीम ने छापेमारी की। शराब बनाने के उपकरण सहित 40 लीटर शराब बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया गया। (संसू)

*****

# दहेज हत्या के अभियुक्तों को आजीवन कारावास

**संसू, बहराइच:** अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम मनोज कुमार मिश्र ने दहेज हत्या के मामले की सुनवाई करते हुए हत्या आरोपितों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार घटना पयागपुर क्षेत्र के कल्लू पुरवा की है।

25 मार्च 2016 को थाना कोतवाली देहात के उन्नैसा गांव के रहने वाले चौबेराम ने पयागपुर थाने में बबलू उर्फ प्रदीप यादव, बजरंग यादव व मुन्नी देवी के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। अपर शासकीय अधिवक्ता प्रमोद कुमार सिंह व बचाव पक्ष के अधिवक्ता के तर्कों को सुनने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश ने तीनों आरोपितों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही 20-20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। सभी अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया।

# बकरीद आज, मस्जिदों व ईदगाहों में पढ़ी जाएगी नमाज

## खुले में नहीं होगी कुर्बानी, दिनभर खरीदारी में जुटे रहे लोग **बाजार रहे गुलजार** सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**संसू, बहराइच :** बलिदान का प्रतीक ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व बुधवार को मनाया जाएगा। मस्जिदों व ईदगाहों में नमाज अदा कर मुल्क के अमन व चैन की लोग दुआ मांगेंगे। मंगलवार को दिनभर लोग तैयारियों में जुटे रहे। बाजारों में खरीदारों की भीड़ रही। कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए जिले के 750 मस्जिदों व ईदगाहों में नमाज अदा की जाएगी।

जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद ने बकरीद को शांतिपूर्वक निपटाने के लिए मजिस्ट्रेटों को तैनात किया है। उन्होंने कहा है कि सार्वजनिक स्थान या फिर प्रतिबंधित मवेशियों की कुर्बानी नहीं दी जाएगी। मस्जिदों व ईदगाहों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक सुजाता सिंह ने लगभग दो हजार पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई है। पीएसी के जवानों को संवेदनशील स्थानों तैनात किया गया है। देर शाम से ही सुरक्षा के लिए पुलिस कर्मियों की तैनाती कर दी है। थानाध्यक्षों को मोबाइल रहकर निगरानी करने को कहा गया है।

दरगाह शरीफ के कारी अर्शदुल कादरी बताते हैं कि ईद-उल-अजहा मुसलमानों के पैगंबर हजरत मुहम्मद के पूर्वज हजरत इब्राहिम की कुर्बानी की याद में मनाई जाती है। इब्राहिम की भक्ति की परीक्षा लेने के लिए अपनी सबसे प्यारी चीज की कुर्बानी मांगी थी, तभी से मुस्लिम समुदाय के लोग परंपरा के तहत पर्व को मनाते हैं। लोग एक-दूसरे से गले मिलकर पर्व की खुशियां मनाएंगे।



कुर्बानी को तैयार बादशाह... कुर्बानी के पर्व ईद-उल-अजहा को लेकर शहर में कई जगह बकरों की खरीदारी जोरों पर रही। छोटी तकिया मंडी में बकरे अमूमन 10 से 15 हजार रुपये के बिके, पर बादशाह नाम के दो ऐसे बकरे जिनकी कीमत 35 व 40 हजार रुपये रही। यह दोनों सभी के आकर्षण का केंद्र बने रहे ● अरुण कुमार दीक्षित

### बकरा बाजार भी रहा गुलजार

छोटी तकिया में जगह-जगह बकरों की बिक्री करते लोग दिखे। यहां बकरा खरीदने के लिए लोग बोलियां लगाते रहे। दस से लेकर 50 हजार रुपये तक कुर्बानी के लिए लोगों ने बकरा खरीदा।

### सेंवई और कपड़ों की हुई जमकर खरीदारी

बकरीद पर सेंवई विशेष व्यंजन के रूप में मेहमानों को परोसा जाता है। पर्व को लेकर बाजार भी गुलजार रहा। शहर के घंटाघर पर सेंवई, खोआ, मेवा खरीदने के लिए महिलाओं की भीड़ लगी रही। यही दृश्य कपड़ों की दुकानों पर भी दिखे।



घंटाघर चौक पर सेंवई खरीदते लोग ● जागरण



चौक बाजार की खोवा मंडी में खरीदारी करते लोग ● जागरण

# सांड़ का कराया इलाज

**खुटेहना (बहराइच):** पुलिस चौकी प्रभारी आनंद यादव मुख्य आरक्षी मोहम्मद यासीन व आरक्षी रमेश यादव के साथ गश्त पर निकले थे कि बहराइच-गोंडा मार्ग पर घायल सांड़ को सड़क से नीचे कर पशु चिकित्सा अधिकारी को बुलाकर इलाज कराया। साड़ किसी वाहन से टकरा गया था। (संसू)

# 296 शीशी नेपाली शराब संग दो गिरफ्तार

**संवादसूत्र, नवाबगंज :** पुलिस व एसएसबी जवानों ने भारत-नेपाल सीमा पर मलौनापुरवा के पास पेट्रोलिंग अभियान चलाया।

स्तंभ संख्या 647/1 के पास से दीपू व मुकेश कुमार गिरी निवासी तिगड़ी निधिनगर संकल्पा थाना रुपईडीहा को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से 296 शीशी नेपाली शराब बरामद हुई। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने बताया कि दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया गया।

# पुलिस के हत्थे चढ़े डकैती के आरोपित

**संसू, मिहींपुरवा (बहराइच):** जरही गांव में बीती तीन जुलाई को पड़ी डकैती का राजफाश करते हुए पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त लखीमपुर जिले के ईशानगर पचासा के रहने वाले हैं। इनके पास से 40 हजार 800 रुपये, दो अंगूठी, बिना नंबर प्लेट की एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। आरोपितों के पास से 12 बोर तमंचा व पांच कारतूस भी मिले हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अशोक कुमार ने बताया कि एसपी सुजाता सिंह के निर्देश पर डकैती का राजफाश करने के लिए क्षेत्राधिकारी डा. जंगबहादुर यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। थानाध्यक्ष मोतीपुर को मंगलवार सुबह मुखबिर से सूचना मिली कि पेटरहा नाला मोड़ के पास आरोपित लाल रंग की बाइक संग खड़े हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर चिप्पा उर्फ सुंदर, राममिंतर उर्फ मिंतर को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपितों के पास से नकदी व जेवरात बरामद हुए। गिरफ्तारी टीम में थानाध्यक्ष आरपी यादव, निरीक्षक अपराध कन्हई प्रसाद, दारोगा आलोक सिंह, उमाशंकर त्रिपाठी, मोइन नसीम, अजय शुक्ल, राजकुमार वर्मा व वीरू यादव शामिल रहे। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई कर कोर्ट भेज दिया।

**नकदी और जेवरात बरामद, पुलिस टीम कर रही थी तलाश, 12 बोर का तमंचा व पांच कारतूस भी बरामद, लखीमपुर जिले के ईशानगर पचासा के रहने वाले हैं आरोपित**



मोतीपुर पुलिस की अभिरक्षा में आरोपित • जागरण

# नेपाली शराब के साथ दो गिरफ्तार

**नवाबगंज (बहराइच)।** नवाबगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक प्रमोद सिंह ने बताया कि उपनिरीक्षक शिवकुमार यादव और एसएसबी के एसआई रवीशचंद्र राय की टीम ने मलौनापुरवा गांव के पास पेट्रोलिंग के दौरान दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 296 शीशी नेपाली शराब बरामद हुई है। बरामद शराब को सीज कर दिया गया है जबकि पकड़े गए आरोपी दीपू गिरि और मुकेश कुमार निवासी निधि नगर संकल्पा गांव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। संवाद

# अंतरजनपदीय बदमाशों ने की थी डकैती

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** मोतीपुर में हुए डकैतीकांड का पुलिस ने मंगलवार को खुलासा कर दिया है। पुलिस ने डकैती के दौरान लूटे गए सामान को बरामद कर दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। घटना को अंतरजनपदीय डकैतों के गिरोह ने अंजाम दिया था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो को गिरफ्तार कर नामजद करते हुए जेल भेज दिया है। पकड़े गए बदमाश इससे पहले भी गोंडा, लखीमपुर व बहराइच जिले के कई थाना क्षेत्रों में घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं।

मोतीपुर थाना क्षेत्र के मिहींपुरवा कस्बे के जरही रोड निवासी जमाल अहमद पुत्र नफीस अहमद मिहींपुरवा के व्यवसायी हैं। बीती दो-तीन जुलाई की रात डकैतों ने घर में घुसकर परिवार को बंधक बनाकर जेवरात व नगदी समेत लाखों के सामान को लेकर फरार हो गए थे। घटना के खुलासे के लिए एसपी सुजाता सिंह ने मोतीपुर थानाध्यक्ष आरपी यादव को निर्देश दिया था। खुलासे के लिए गठित टीम का एएसपी ग्रामीण अशोक कुमार नेतृत्व कर रहे थे। एसपी के निर्देश पर थानाध्यक्ष ने मुखबिरों को लगा दिया था। मुखबिर से थानाध्यक्ष को सूचना मिली कि डकैतीकांड को अंजाम देने वाले बदमाश क्षेत्र में मौजूद है और किसी अन्य घटना को अंजाम देने के लिए योजना बना रहे हैं।

सूचना को गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष दलबल के साथ पेटरहा नाला मोड़ के पास पहुंचे। पुलिस को देखकर मौके पर मौजूद दो बदमाश भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए उनको दबोच लिया। एएसपी ग्रामीण ने बताया कि पूछताछ के दौरान उनकी पहचान चिप्पा उर्फ सुंदर पुत्र बलेश्वर चौहान व राम मिन्तर उर्फ मिंतर पुत्र माधवराम निवासी पचासा थाना ईशानगर जनपद लखीमपुर खीरी के रूप में हुई।

तलाशी के दौरान इनके पास से डकैती कर लूटी गई सोने की दो अंगूठी, 40800 रुपये नगद, दो तमंचे 12 बोर व पांच जिंदा कारतूस के साथ एक बाइक बरामद हुई। पुलिस का दावा है कि डकैती कांड की घटना बदमाशों ने स्वीकार की है। पकड़े गए बदमाशों को पुलिस ने जेल भेज दिया है।

## बरामद सामान के साथ दो गिरफ्तार, गोंडा, लखीमपुर व बहराइच कर चुके वारदात



पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी। - संवाद

## अन्य जनपदों में दर्ज हैं कई आपराधिक मुकदमे

एएसपी ग्रामीण ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ लखीमपुर, गोंडा व जिले में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। ये घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो जाते थे। इस बार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबोच लिया और जेल भेज दिया। एसपी सुजाता सिंह ने बताया कि ये अपराधी जिले के साथ कई अन्य जनपदों में भी घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। आरोपियों के खिलाफ मोतीपुर थाने में भी कई मुकदमे दर्ज हैं।

# दुआ के लिए आज उठेंगे हजारों हाथ

## बकरीद को लेकर गुलजार रहे बाजार, चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेगी फोर्स

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** जिले में बकरीद का त्योहार बुधवार को मनाया जाएगा। देश की सलामती व कोरोना समाप्ति के लिए हजारों हाथ दुआ मांगने के लिए उठेंगे। त्योहार मनाने के लिए बाजारों में भीड़ उमड़ी रही। मंगलवार को दुकानें गुलजार रहीं। देर रात तक खरीददारी होती रही। त्योहार को सकुशल निपटाने के लिए पुलिस चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेगी। इसके लिए पुलिस ने शहर के मुख्य मार्गों पर फ्लैग मार्च कर लोगों को सुरक्षा का एहसास भी कराया। वहीं धर्मगुरुओं ने सभी से कोरोना प्रोटोकॉल के नियमों का पालन कर त्योहार मनाने की अपील की।

बकरीद का त्योहार बुधवार को जिले में परंपरागत तरीके से मनाया जाएगा। त्योहार मनाने के लिए लोगों ने मंगलवार देर रात तक बाजारों में जमकर खरीददारी की। शहर के डिगिहा तिराहा, छावनी बजार, अस्पताल चौराहा, घंटाघर से लेकर पीपल चौराहों तक की दुकानें देर रात तक गुलजार रही। लोग अपनी पसंद के कपड़े व अन्य सामान खरीदते नजर आए। शहर के साथ ही ग्रामीण अंचलों में भी तैयारियां तेज नजर आई। बाजारों में सबसे ज्यादा ट्रेंड कुर्ता-पायजामा व ड्राई फूट का रहा। कुर्बानी के लिए मंगलवार को दिनभर बकरे की खरीददारी होती रही। इस बार सबसे ज्यादा महंगे बकरे की कीमत 25 से 55 हजार तक रही। गली से लेकर चौक-चौराहों तक लोग बकरे खरीदते दिखे।







बहराइच में बकरीद की तैयारी को लेकर बाजारों में खूब रौनक रही। -संवाद

### बोले धर्मगुरु, घर में रहकर मनाएं त्योहार

सिया जामा मस्जिद के इमाम सैयद मोहम्मद मेंहदी ने कोविड़-19 को मद्‌देनजर रखते हुए सरकार के गाइड लाइन का पालन करते हुए इदुल अजहर की नमाज 50 लोगों में सोशल डिस्टेसिंग का पालन करते हुए पढ़ाने का ऐलान किया। मौलाना काजी जुबेर ने अपील करते हुए कहा कि बकरीद का त्योहार भाईचारगी के साथ मनाएं और प्रयास करें कि त्योहार पर दूसरों के चेहरे की मुस्कान बनें। यदि आपको लगता है कि कोई अराजकता फैलाने का प्रयास कर रहा है तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। मौलाना सिराज अहमद मदनी ने कहा कि प्रशासनिक गाइड लाइन के मुताबिक त्योहार मनाया जाए।



मौलाना कारी जुबैर।



मोहम्मद मेंहदी।

### मस्जिदों व ईदगाह पर रहेगी नजर

नगर मजिस्ट्रेट, उप जिला मजिस्ट्रेट 21 जुलाई को ईदगाह, सलारगंज व ईदगाह दरगाह शरीफ सहित पूरे नगर क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर शांति व्यवस्था के लिए सतर्क दृष्टि रखेंगे। नगरीय क्षेत्र के सेक्टर मजिस्ट्रेटों की यह जिम्मेदारी होगी कि नगर क्षेत्र स्थित जामा मस्जिद, नानपारा मस्जिद, चौकी चौक मस्जिद, छावनी चौराहा मस्जिद, शीशे वाली मस्जिद, बंबइया मस्जिद, छोटी तकिया मस्जिद व बड़ी तकिया मस्जिद, मस्जिद चौहट्‌टा खत्रीपुरा, मोती मस्जिद, मुनसरी मस्जिद, शखैय्यापुरा तथा शीशे वाली मस्जिद मंसूरगंज आदि स्थलों पर भ्रमणशील रहेंगे।

### चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेगी फोर्स

"बकरीद पर्व को अमन व शांति से मनाने के लिए सभी से अपील की गई है। सुरक्षा के मद्‌देनजर चप्पे-चप्पे पर फोर्स तैनात रहेगी। अराजकता फैलाने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। खुले में कुर्बानी न करने की अपील की गई है। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीम ने फ्लैग मार्च कर सुरक्षा का अहसास दिलाया गया।

-सुजाता सिंह, एसपी बहराइच

# SHRAWASTI POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 21-07-2021

# मस्जिद में पांच लोग पढ़ेंगे नमाज

## बकरीद आज

श्रावस्ती | संवाददाता

बकरीद का त्योहार बुधवार को हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जाएगा। इसके लिए तैयारियां पूरी हो गई हैं। प्रशासन ने पीस कमेटी की बैठकों में जरूरी दिशा निर्देश पहले ही दे दिए हैं। मौलानाओं ने भी कोरोना गाइड लाइन के तहत बकरीद मनाने की अपील की है। शांतिपूर्ण त्योहार के लिए प्रशासन ने 39 मजिस्ट्रेटों की तैनाती की है।

बकरीद का त्योहार बुधवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। सुबह नमाज के बाद जानवरों की कुर्बानी दी जाएगी। लेकिन समूह में नमाज पढ़ने पर प्रतिबध होने के कारण नमाज केवल पांच लोग ही एक साथ पढ़ सकते हैं। इसके लिए प्रशासन ने शांति समितियों की बैठकों में पहले ही जरूरी दिशा निर्देश दिए हैं। साथ ही मुस्लिम समुदाय से अपील की है कि सभी लोग सार्वजनिक जगहों पर और प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न दें। घर में नमाज पढ़ें और घर में ही कुर्बानी दें। कोरोना गाइड लाइन का पालन करें। बकरीद के मौके पर मस्जिदों और ईदगाहों के आसपास सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। डीएम ने बताया कि त्योहार को शांतिपूर्वक मनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने अपने स्थलों पर तैनात रह कर दिन भर की रिपोर्ट देते रहेंगे।



इकौना की पांच पीरान मस्जिद। • हिन्दुस्तान

### घरों में नमाज पढ़ने व प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी न देने की अपील

मुस्लिम धर्मगुरुओं ने भी शांतिपूर्वक और धूमधाम से त्योहार मनाने की अपील की है। धर्मगुरु मौलाना गुल मोहम्मद ने मुस्लिम समुदाय से अपील की है कि सभी लोग घरों में नमाज पढ़ें और प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी कतई न दें। साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर कुर्बानी न दें। वहीं प्रशासन की गाइडलाइन का पालन करते हुए भीड़ में नमाज न पढ़ें और न ही सोशल डिस्टेंसिंग की अनदेखी करें। गुल मोहम्मद ने अपील की है कि बकरीद महत्वपूर्ण त्योहार है। इसमें गरीबों और मजलूमों की मदद करें तथा पड़ोसियों का विशेष ध्यान रखें। गरीबों की मदद करने से खुदा खुश होता है।

# देशी तमंचा के साथ दो लोग पकड़े गए

**गिलौला। गिलौला** पुलिस ने दो लोगों को देशी तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लोगों की पहचान रियाज पुत्र नफीस अहमद निवासी बहराइच व मोहम्मद आरिफ पुत्र रईश निवासी सत्तीकुआं बहराइच के रूप में हुई है। पकड़े गए दोनों आरोपियों को पुलिस ने जेल रवाना कर दिया है।

# पुलिस ने पैदल गश्त कर सुरक्षा परखी

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य के निर्देश पर पुलिस कर्मियों ने कस्बा, चौक चौराहे, बाजार आदि में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मंगलवार को एएसपी बीसी दूबे तथा समस्त थाना व चौकी प्रभारियों ने अपने अपने क्षेत्र में गश्त का नेतृत्व किया। पुलिस अफसरों ने गश्त के दौरान लोगों से बातचीत कर सुरक्षा का एहसास कराया। साथ ही क्षेत्र में सक्रिय अराजक तत्वों व संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पुलिस को देने को कहा।

# 28 वाहनों का हुआ ई-चालान

**श्रावस्ती।** पुलिस ने मंगलवार को विभिन्न चेकपोस्ट, बैरियर सहित संदिग्ध वाहनों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस ने 104 वाहनों की जांच कर 28 वाहनों का ई-चालान किया। मौके पर पुलिस ने 38, 500 रुपए शमन शुल्क वसूल किया। सोमवार शाम को बिना मास्क के टहल रहे 81 लोगो के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 10,900 रुपए जुर्माना वसूल किया। संवाद

# नशीली गोलियों के साथ युवक गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिला पुलिस ने सोमवार रात गश्त के दौरान भिनगा सिरसिया मार्ग के मध्य अंटा तिराहे से एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान युवक के कब्जे से नशीली गोलियां 74 टेबलेट डायजापाम बरामद किया। गिरफ्तार युवक की पहचान अफसर अली निवासी भिनगा के रूप में हुई। जिसके विरुद्ध मल्हीपुर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई की है। संवाद

# बैंकों में सुरक्षा के साथ कोविड प्रोटोकॉल के पालन की हिदायत

**श्रावस्ती।** बैंक की सुरक्षा को लेकर जिला पुलिस ने मंगलवार विशेष अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस ने अपने अपने थाना क्षेत्र में बैंकों व ग्राहक सेवा केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान मौजूद लोगों को सुरक्षा के साथ ही कोविड प्रोटोकाल के पालन की हिदायत दी गयी।

पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य के निर्देश के अनुपालन में मंगलवार को क्षेत्राधिकारी नगर हौसला प्रसाद के नेतृत्व में भिनगा कोतवाली पुलिस ने भिनगा नगर सहित कोतवाली क्षेत्र के बैंकों की सुरक्षा जांचा। वहीं क्षेत्राधिकारी इकौना डा. एमपी शर्मा के नेतृत्व में गिलौला पुलिस ने बैंकों की जांच की। इस दौरान बैंकों में लगे सीसीटीवी, सायरन सहित अन्य सुरक्षा इंतजामों को परखने के साथ ही बैंक में मौजूद लोगों को लेन देने के दौरान बरती जानेवाली सावधानी के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस टीम ने बैंकों में मौजूद कस्टमरों व कर्मियों को भी कोविड प्रोटोकाल के तहत अनिवार्य रूप से मास्क लगाने, सामाजिक दूरी का पालन करने की नसीहत भी दी। संवाद

# शांति भंग में 22 गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने सोमवार रात विशेष अभियान चलाकर 22 लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर उन्हें संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया गया। इसके अलावा सोमवार शाम भिनगा नगर में सीओ भिनगा हौसला प्रसाद ने भिनगा कोतवाली पुलिस के साथ गश्त की। संवाद